जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 28 प्रभात उदयपुर, शुक्रवार 1 दिसम्बर, 2023 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



नॉर्वे की सामी पार्लियामैंट, जो सामी लोगों का प्रतिनिधित्व करती है, ने रेनडियर के लिए और अधिक संरक्षण की मांग की है। कारण है कि, पिछले पांच सालों में दस हज़ार से अधिक रेनडियर वाहनों की चपेट में आकर मर गए हैं। पुलिस के अनुसार, अक्टूबर 2018 और अक्टूबर 2023 के बीच उत्तरी स्वीडन में 10,000 से ज्यादा ऐसी दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें कम से कम एक रेनडियर तो मरा ही है। अर्थात् मृत रेनडियरों की संख्या और अधिक हो सकती है। सामी लोग स्वीडन के पांच राष्ट्रीय अल्पसंख्यकों में एक हैं और उनकी चयनित पार्लियामैंट सामी संस्कृति की तरफ से वकालत करती है। सर्दी के मौसम में रेनिडियर्स को पहाड़ों से निचले क्षेत्रों में लाया जाता है, यहाँ पर ये, सड़कों पर बर्फ हटाने के लिए डाले गए नमक की तरफ आकर्षित होते हैं और हाल के वर्षों में, निरंतर बढ़ रही औद्योगिक गतिविधियों के कारण इन सड़कों पर यातायात बहुत अधिक बढ़ गया है। सामी पार्लियामैंट में एनिमल हस्बैन्डरी कमेटी के चेयरमैन जैन रैनरुड ने कहा कि, यहाँ की, दो से तीन लाख की रेनडियर आबादी की रक्षा के लिए और अधिक प्रयास की आवश्यकता है, जैसे वाहनों की स्पीड लिमिट कम करना, सड़कों के किनारे फैन्सिंग और नेचर पैसेज का निर्माण आदि। समस्त जीवन चरवाहे के रुप में रेनडियर्स के साथ काम करने वाले रैनरुड ने कहा, ''जो लोग प्रभावित होते हैं उनके लिए यह बहुत दुःखद है। अपने जानवरों को गाड़ियों के नीचे आकर मरते देखना दिल पर बहुत भारी बोझ होता है।'' उन्होंने सड़कों पर निरंतर बढ़ते यातायात और हाई स्पीड को इन घटनाओं के लिए दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि, रेनडियर सुरक्षा को लेकर जो सुस्ती दिखाई जा रही है उसका कारण पैसा है, मृत रेनडियर के एवज़ में कुछ हजार क्रोनर देना आसान होता है बजाय सैकड़ों क्रोनर खर्च करके सड़कों के किनारे बाड़ बनाने के।

# एग्ज़िट पोलः राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बहुमत

## तेलंगाना में कांग्रेस की शानदार जीत और मिज़ोरम में खंडित जनादेश की संभावना जताई गई है एग्ज़िट पोल्स में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। एग्ज़िट पोल्स हिंदी बैल्ट के तीन राज्यों में से दो में भाजपा और एक में कांग्रेस की वापसी की भविष्यवाणी कर रहे है।

एग्ज़िट पोल्स का संकेत है कि जहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सत्ता पर काबिज रह सकते हैं वहीं राजस्थान में अशोक गहलोत से सत्ता छिन सकती है और ऐसा संदेह है कि मध्यप्रदेश में फिर से भाजपा की ही वापसी होगी।

सबसे बड़ा उलट फेर तेलंगाना में हो रहा है, जहां के.चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति 2014 में राज्य बनने के बाद से ही सत्ता में है। तीन एग्ज़िट पोल्स ने यकीन से कहा कि तेलंगाना में बी.आर.एस. को हराकर कांग्रेस सत्ता में आएगी।

चौथा पोल भी कांग्रेस की बढ़त बता रहा है। मिज़ोरम में अवश्य त्रिशंकु विधानसभा की संभावना है। यहां सत्तारुढ़ मिज़ो नैशनल फ्रंट के सामने

- राजस्थान में एक-दो को छोड़ कर सभी एग्ज़िट पोल नतीजे भाजपा को 100 से ज्यादा सीटें मिलने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। पूरी संभावना है कि, राजस्थान में राज बदलने का रिवाज़ कायम रहेगा।
- मध्य प्रदेश को लेकर अवश्य हैरानी है, जहां भाजपा फिर से सत्ता में वापसी करती दिख रही है। लगभग सभी एग्ज़िट पोल्स ने यहाँ भाजपा व कांग्रेस में कड़ा मुकाबला बताया और सीटों का अंतर बहुत कम रहने की संभावना जताई।
- छत्तीसगढ़ में सभी एग्ज़िट पोल्स ने कांग्रेस को कम से कम 40 और ज्यादा से ज्यादा 57 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। पूरी संभावना है कि, यहां कांग्रेस की वापसी होगी।

कांग्रेस और जोराम पीपुल्स मूवमैंट की चुनौती है।

हालांकि एग्ज़िट पोल अक्सर गलत भी हो जाते हैं। सही नतीजे रविवार को आएंगे जब वास्तव में गणना होगी। एग्ज़िट पोल्स मीडिया संगठनों द्वारा मतदान के तुरंत बाद किया जाता है। ये चुनाव महत्वपूर्ण है। क्योंकि इनके कुछ माह बाद ही अगले वर्ष अप्रैल -मई में लोकसभा चुनाव होने वाले है।

राजस्थान, जहां नब्बे के दशक से ही सत्तारुढ़ पार्टी को सत्ता से बेदखल करने का रिवाज है, में लगता है इस बार भी यही रिवाज कायम रहेगा। तीन में से दो एग्ज़िट पोल्स ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया है, तीसरे ने सीटों में कम अन्तर की भविष्यवाणी की है। सन् 1998 से अर्थात् 25 साल से राजस्थान में यही रिवाज है कि कोई भी राजनैतिक पार्टी सत्ता में नहीं लौटी है और तब से राजस्थान ने दो ही मुख्यमंत्री देखे हैं, कांग्रेस से अशोक गहलोत और भाजपा से वसुंधरा राजे।

छत्तीसगढ़ पर 6 एग्ज़िट पोल्स ने कांग्रेस की वापसी की भविष्यवाणी की है। अधिकांश में कांग्रेस को 40-50 सीटें दी गई है। छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 46 सीटें चाहिए।

इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया कांग्रेस के लिए 40-50, जन की बात भाजपा के लिए 34-45 तथा कांग्रेस के लिए 42 से 53 सीटों की भविष्यवाणी कर रहा है। न्यूज़ 24 टुडेज़ चाणक्य भाजपा को 33 व कांग्रेस को 57 सीटें दे रहे है।

मध्यप्रदेश में जहां कांग्रेस जीती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्यों होता है एग्ज़िट पोल व वास्तविक नतीजों में भारी अंतर?

## वर्ष 2013 व 2018 के एग्ज़िट पोल के आंकड़ों तथा वास्तविक आंकड़ों में भारी अंतर देखा गया

जयपुर, 30 नवम्बर (का.प्र.)। राजस्थान के एग्ज़िट पोल सामने आने के बाद लोगों में अलग-अलग तरह की चर्चाएं हैं और बहुत सारे लोग कन्फ्यूज़ हो रहे हैं कि आखिरकार परिणाम क्या आने वाले हैं। वैसे एग्ज़िट पोल को देखकर परिणामों के अनुमान लगाने के साथ एक बात साफ है कि पिछले दो चुनाव 2013 ओर 2018 में जितने भी एग्ज़िट पोल आए थे, उनमें से कोई भी नतीजों पर खरा नहीं उतरा था। इसका एक कारण यह होता है कि प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा के अलावा छोटे दल या अन्य को मिलने वाले वोटों का अंदाजा कोई भी नहीं लगा पाता और यही वोट परिणामों को बदलने में सहायक होते हैं।

वर्ष 2013 में चुनाव परिणाम से पहले एग्ज़िट पोल आए थे और उसे समय सभी ने कांग्रेस को न्यूनतम 39 के आसपास सीटें दी थी, लेकिन जब परिणाम सामने आए तो कांग्रेस मात्र 21

- ज्ञातव्य है कि, वर्ष 2013 में कांग्रेस को लगभग सभी एग्ज़िट पोल्स में न्यूनतम 39 सीटें दी गईं थीं, पर, कांग्रेस इससे भी नीचे मात्र 21 पर सिमट गई थी। वर्ष 2018 में कांग्रेस को 105 से 137 सीटें दी गई थीं। पर, कांग्रेस 99 सीटें ही ले पाई थी।
- एक कारण यह भी हो सकता है कि, एग्ज़िट पोल सर्वे में निर्दलीयों व अन्य छोटे दलों की स्थिति का सही आकलन नहीं हो पाता है।
- इस बार, वर्ष 2023 के एग्ज़िट पोल में अन्य, जिसमें निर्दलीय व छोटे दल शामिल हैं, को 5 से 21 सीटें दी गई हैं, जिसकी वजह से भारी कन्फ्यूज़न पैदा हो रहा है।
- यदि उम्मीद के अनुसार, आर.एल.पी., आज़ाद समाज पार्टी, बी.टी.पी. और भारत आदिवासी पार्टी, वामपंथी दल, बसपा व निर्दलीय मजबूत प्रदर्शन करते हैं तो एग्ज़िट पोल के नतीजे पलट जाएंगे।

सीटों पर सिमट गई थी वहीं भाजपा बंपर बहुमत के साथ 163 सीट लाने में सफल रही थी और उस समय किसी भी एजेंसी का एग्ज़िट पोल सही साबित नहीं हो पाया था। तब भाजपा को अधिकतम 147 सीटें दी गई थी।

वर्ष 2018 के चुनाव की बात करें तो एग्ज़िट पोल में कांग्रेस की 105 से 137 सीटों तक बताई गई थी। एक एग्ज़िट पोल ने तो 2018 में कांग्रेस की 91 और भाजपा की 93 सीट भी बताई थी। लेकिन परिणाम में कांग्रेस 99 पर तो भाजपा 73 सीटों पर आ गई थी। कहने का अर्थ है कि पिछले दो विधानसभा चुनावों के एग्ज़िट पोल सही साबित नहीं हो पाए। सन् 2018 के विधानसभा चुनाव के एग्ज़िट पोल में निर्दलीय और अन्य को 2 से लेकर 15 तक सीट दी गई थी, लेकिन जब परिणाम सामने आए तो निर्दलीय तथा अन्य की संख्या 27 थी। शायद यही कारण था कि राजस्थान को लेकर एग्ज़िट पोल सही साबित नहीं हो पाए।

अब 2023 विधानसभा चुनाव, जिसके नतीजे दो दिन बाद 3 दिसम्बर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोमवार से शुरु होगा संसद का शीतकालीन सत्र

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। केन्द्र सरकार ने आगामी 4 से 22 दिसम्बर से होने जा रहे संसद के शीतकालीन सत्र में प्रस्तुत करने के लिए 18 विधेयक लिस्ट किए हैं।

इसमें औपनिवेशिक काल के आई.पी.सी., सी.आर.पी.सी. और एविडेन्स एक्ट से संबंधिक विधेयकों पर भी बहस हो सकती है।

- 4 से 22 दिसम्बर को होने वाले संसद सत्र में केन्द्र सरकार की18 विधेयक पेश करने की योजना है।

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक बुलेटिन के अनुसार कश्मीरी प्रवासियों, पाक अधिकृत कश्मीर में से विस्थापित लोगों और अनुसूचित जनजातियों को प्रतिनिधित्व देने के लिए जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा की सदस्य संख्या 17 से बढ़ाकर 114 किए जाने की योजना है।

मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर तैयार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना में सत्ता परिवर्तन, कांग्रेस को 65 और भाजपा को 40 सीटें

## विभिन्न एग्ज़िट पोल्स के आंकड़ों के आधार पर लगाए गए इस औसत अनुमान के अनुसार, भाजपा तीसरे नम्बर पर रहेगी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। कांग्रेस ऐसा कुछ करने जा रही है जिसकी कुछ माह पूर्व उससे बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। यदि विभिन्न ''एग्ज़िट पोल्स'' के नतीजों का कोई संकेत माना जाए तो तेलंगाना के गठन के बाद से उसके लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहे के. चन्द्रशेखर राव को सत्ता से हटाकर कांग्रेस खुद की सरकार का गठन करने जा रही है।

गुरुवार सायं 5:30 बजे टेलीविजन स्क्रीन्स और डिजीटल स्पेस पर अनेक एग्ज़िट पोल्स आए। चुनावपूर्ण सर्वेक्षणों की भांति तेलंगाना में कांग्रेस की सुगम जीत की भविष्यवाणी की गई।

विभिन्न एग्ज़िट पोल्स के अनुसार कांग्रेस के कम से कम 49 और अधिकतम 79 सीटें जीतने की उम्मीद है। यदि सभी एग्ज़िट पोल्स का औसत निकाला जाए तो तेलंगाना में सत्तारूढ़

- 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा में बहुमत के लिए 60 सीटों की जरूरत है और कांग्रेस आराम से यह आंकड़ा पार करती दिख रही है।
- अविभाजित आंध्र प्रदेश में तेलंगाना कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था, पर, 2014 में तेलंगाना के राज्य बनने से लेकर यहां के. चन्द्रशेखर राव मुख्यमंत्री बने हुए हैं।
- इस बार कांग्रेस फिर से अपने गढ़ पर काबिज़ होती लग रही है। अभी कुछ माह पहले तक कांग्रेस मुकाबले में कहीं नहीं थी, पर, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद से माहौल कांग्रेस के पक्ष में बदलने लगा।

बी.आर.एस. को 40 और कांग्रेस को 65 सीटें मिल रही हैं, जो कि राज्य सरकार की सत्ता में सीधा-सीधा परिवर्तन है।

एग्ज़िट पोल के अनुसार तेलंगाना विधानसभा में बहुमत का जादुई आंकड़ा 60 है और कांग्रेस उसे सहज रूप से पार कर रही है।

द रिपब्लिक मैट्रिज़ पोल ने कांग्रेस को 58 और 68 के बीच सीटें मिलने की भविष्यवाणी की, जबकि ''जन की बात'' ने एक खण्डित विधानसभा की संभावना का संकेत देते हुए कांग्रेस को 48 से 64 सीटें मिलने की बात कही, लेकिन ये सर्वेक्षण विषम है क्योंकि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हमास ने इज़राइल के 16 और बंधकों को रिहा किया

यरुशलम, 30 नवंबर (वार्ता/शिन्हुआ)। इजरायली सरकार ने बुधवार देर रात पुष्टि की कि हमास द्वारा गाजा पट्टी से रिहा किये गये बंधकों का छठा जत्था इजरायल लौट आया है।

इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय और इज़राइल रक्षा बल (आईडीएफ)

- हमास द्वारा गाज़ा पट्टी से रिहा किये गये बंधकों का छठा जत्था इजरायल लौट आया है। इन 16 बंधकों में 12 इज़रायली और चार थाई नागरिक शामिल हैं।

द्वारा जारी बयानों के अनुसार, 16 बंधकों, जिनमें 12 इजरायली और चार थाई नागरिक शामिल हैं, सुरक्षा बलों द्वारा अपने परिवारों के साथ पुनर्मिलन के लिए अस्पतालों में ले जाने से पहले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीनों सेनाओं के लिए 2.23 लाख करोड़ रु. के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी मिली

## स्वदेशी कंपनियों से वायु सेना के लिए 97 तेजस लड़ाकू विमान और 156 प्रचंड श्रेणी के हैलिकॉप्टर खरीदे जायेंगे

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (वार्ता)। सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 2.23 लाख करोड़ रूपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है, खास बात यह है कि, इन सभी रक्षा उपयोग की वस्तुओं की खरीद पूर्णतः स्वदेशी कंपनियों से की जायेगी।

इनमें वायु सेना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमान तेजस, हल्के लड़ाकू हैलिकॉप्टर-प्रचंड के अलावा नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय से संबंधित खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

रक्षा खरीद सौदे में 97 अतिरिक्त तेजस विमान और 156 प्रचंड लड़ाकू हैलिकॉप्टरों की खरीद भी शामिल है। दोनों विमान स्वदेशी रूप से विकसित हैं और इन सौदों की कीमत लगभग 1.1 लाख करोड़ रुपये है। तेजस मार्क 1-ए लड़ाकू विमानों को भारतीय वायु सेना के लिए और हैलिकॉप्टरों को वायु सेना के साथ-साथ थल सेना के लिए भी खरीदा जा रहा है। इन सौदों को मंजूरी मिलने के साथ, यह भारत के इतिहास में स्वदेशी निर्माताओं को मिलने वाला सबसे बड़ा ऑर्डर है।

इस रक्षा खरीद के पूरी होने के साथ ही भारतीय वायुसेना द्वारा खरीदे जाने

- इस रक्षा खरीद के पूरी होने के साथ ही भारतीय वायुसेना द्वारा खरीदे जाने वाले स्वदेशी रूप से विकसित तेजस विमानों की संख्या 180 हो जाएगी। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए सरकार संचालित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था।
- यह भारत के इतिहास में स्वदेशी निर्माताओं को मिलने वाला अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है।

वाले स्वदेशी रूप से विकसित तेजस विमानों की संख्या 180 हो जाएगी। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए सरकार संचालित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन प्रस्तावों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी है और इनमें से 2.20 लाख करोड़ रूपये की खरीद घरेलू उद्योगों से की जायेगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इनमें हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर , युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं।

इन प्रस्तावों में सेना के लिए टाइप-2 और टाइप-3 की टैंक रोधी तोप की खरीद का प्रस्ताव शामिल है । ये तोप बख्तरबंद वाहनों और टैंकों को ध्वस्त करने में सक्षम होगी।

रक्षा परिषद ने हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से वायु सेना और सेना के लिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर और वायु सेना के लिए हल्के लड़ाकू विमान एम के 1ए की जरूर के आधार पर खरीद की भी मंजूरी दी है। इसके अलावा एचएएल सुखोई -30 एम के आई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य भी करेगा।

परिषद ने नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। सेना के लिए टी 90 टैंकों के लिए ऑटोमैटिक टारगैट ट्रेकर और डिजिटल बसाल्टिक कंपयूटर की खरीद को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है। इससे टी 90 टैंकों की मारक क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# कोटा में एक और आत्महत्या

कोटा, 30 नवम्बर (निसं)। कोटा में कोचिंग छात्र-छात्रों के सुसाइड के मामलों को लेकर भले ही प्रशासन सख्त नजर आ रहा हो लेकिन मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते तीन दिन में कोटा में छात्रों के सुसाइट का यह दूसरा मामला है। सुसाइड का मामला सामने आने के बाद प्रशासन और

- 21 वर्षीय छात्रा निशा यादव ने देर रात फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। यू.पी. में औरैया की रहने वाली निशा नीट की तैयारी कर रही थी।

कोचिंग संस्थानों व हॉस्टल संचालकों के बीच वार्ता का दौर चलता है लेकिन वार्ता के बाद भी मामले हैं कि रुक नहीं रहे।

डॉक्टर बनने का सपना लेकर कोटा आई उत्तर प्रदेश के औरैया निवासी कि 21 वर्षीय कोचिंग छात्रा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**स्वतंत्र वही हो सकता है जो अपना काम अपने आप कर लेता है। –विनोबा**

# 25 नवम्बर 2023 को विधानसभा के लिये मतदान सम्पन्न हुआ, हम साक्षी हैं कि चुनाव में आचार संहिता की धज्जियां कैसे उड़ाई गई हैं

दिनांक 25 नवम्बर 2023 को राजस्थान विधान सभा की 199 सीटों का चुनाव हुआ। राज्य में कुल 5.26 करोड़ मतदाता हैं। लगभग 75.45 प्रतिशत मतदान हुआ। गत चुनाव की अपेक्षा मतदान बढ़ा है जो शुभ लक्षण है। चुनाव आयोग, जिसका गठन संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत हुआ, वह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत् चुनाव कराता है। चुनाव आयोग को चुनाव कराने के मामले में अपरिमित अधिकार हैं। आयोग द्वारा जारी किये गये निर्देश, जिन्हें आचार संहिता कहा जाता है, वे भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। चुनाव आयोग के निर्देश कानून के समान हैं। संसद द्वारा बनाये गये कानून के अनुसार चुनाव होते हैं, जहां कानून में कोई प्रावधान नहीं है वहां आचार संहिता कानून के समान है।

चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र तथा शान्तिपूर्ण हो। राजनैतिक पार्टियों का कर्त्तव्य है कि वे चुनाव आयोग को तथा राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को चुनाव कराने में सहयोग दें। चुनाव निष्पक्ष हो। मतदाता को संविधान ने मत देने का अधिकार दिया है। मत देने के अधिकार पर कोई अंकुश नहीं हो सकता। प्रलोभन देकर मत प्राप्त करना, अथवा जाति धर्म, रंग के भेद के आधार पर चुनाव में मतदाता से मत डलवाना चुनाव अपराध है। चुनाव में आचार संहिता की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत का नागरिक ही मतदान कर सकता है। भारत के नागरिक के मूल कर्त्तव्य हैं, जिन्हें अनुच्छेद 51क में परिभाषित किया है, जिसके अनुसार सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना तथा हिंसा से दूर रहना उसका मूल कर्त्तव्य माना गया है। अनुच्छेद 51क का उप क्लॉज (प) में इसका उल्लेख है। धारा 123 जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में चुनाव संबंधित Corrupt प्रेक्टिस माना गया है। यह अपराध भी है।

सबसे प्रथम हम यह समझने का प्रयत्न करें कि आचार संहिता क्या है? यह राजनैतिक दलों और अभ्यार्थियों के मार्ग दर्शन के लिए निर्धारित किये गये मानकों का एक ग्रुप है, जिसे राजनैतिक दलों की सहमति से बनाया गया है। राजनैतिक दलों ने इस प्रकार संहिता में वर्णित सिद्धान्तों की अनुपालना करने के लिये सहमति दी है।

आचार संहिता चुनाव आयोग द्वारा निश्चित की गई चुनाव की तारीखों को घोषणा के बाद से लागू हो जाती है। चुनाव की प्रक्रिया की समाप्ति के साथ ही यह समाप्त हो जाती है।

चुनाव की तारीख 7 नवम्बर व 25 नवम्बर 2023 की घोषित की गई और इसके साथ ही आचार संहिता लागू हो गई। आचार संहिता के पीछे कानून की Sanction नहीं है। इसके उल्लंघन पर लिखित या मौखिक चेतावनी दी जा सकती है।

राजस्थान निर्वाचन विभाग के पत्र दिनांक 9.10.2023 से मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सूचित किया है कि चुनाव संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर प्रतिबंध के निर्देश दे दिये गये हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के संबंध में मंत्रीयों द्वारा वाहनों के उपयोग, सार्वजनिक स्थानों के उपयोग, डाक बंगलों के उपयोग पर दिशा निर्देशन दे दिये हैं। इनकी पालना हेतु सबको सूचित किया गया है।

दिनांक 9.10.2023 को चुनाव आयोग ने भी आचार संहिता के संबंध में लिखा है और इनकी पालना करने के निर्देश दिये हैं।

बीजेपी ने राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा के विरूद्ध चुनाव आयोग से चुनाव संहिता के उल्लंघन की शिकायत की है। बीजेपी के विरूद्ध भी कई शिकायतें कांग्रेस नेताओं ने की हैं। कहा जाता है सैकडों शिकायतें बीजेपी व कांग्रेस ने एक-दूसरे के विरूद्ध की हैं, किन्तु आयोग ने क्या कार्यवाही की इसका पर्याप्त रेकार्ड नहीं मिलता। चुनाव संहिता का शोर बहुत है किन्तु इसे सबने नकार दिया है।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (3A) में चुनाव में होने वाली Corrupt Practices के बाबत उल्लेख किया है। धारा 123 स्पष्ट करती है कि मतदाता को अपना मत देने के हेतु प्रलोभन देना, फ्रीबीज देना Corrupt Practices है। मुफ्त की रेवडी बांटी जा रही है। बिना इस पर ध्यान दिये कि बजट में इसका प्रावधान नहीं है। एक पार्टी दूसरी पार्टी से आगे बढ़कर लोक लुभावने वायदे कर रही हैं। कोई गैस सिलेन्डर रू.500/- में दे रहा है तो कोई रू.450/- में और कोई उदारता के साथ रू.400/- में गैस सिलेन्डर देने को उत्सुक है। ऐसा मालूम पड़ता है भारत लोकतंत्र में सब चीजें सरकार से मिलेंगी आपको कमाने के हेतु परिश्रम की आवश्यकता नहीं है। खाना फ्री, शिक्षा फ्री, इलाज फ्री, वाहन फ्री और यहां तक तीर्थों की यात्रा फ्री, आज के नये उपकरण स्मार्टफोन, लेपटाप आदि फ्री। काम में आने वाली वस्तुयें मुफ्त में रेवडी की तरह बांटी जायेगी। प्रश्न है इसके लिये धन कहां से प्राप्त होगा। स्पष्ट है आप व हमारे कंधों पर यह बोझ लादा जावेगा।

**चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र तथा शान्तिपूर्ण हो। राजनैतिक पार्टियों का कर्त्तव्य है कि वे चुनाव आयोग को तथा राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को चुनाव कराने में सहयोग दें। चुनाव निष्पक्ष हो। मतदाता को संविधान ने मत देने का अधिकार दिया है। मत देने के अधिकार पर कोई अंकुश नहीं हो सकता।**

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(1) में कहा गया है कि चुनाव में Corrupt Practices निम्नलिखित है:-

(1) Bribery that is to say,--

(A) any gift, offer or promise by a candidate or his agent or by any other person with the consent of a candidate or his election agent of any gratification, to any person whomsoever, with the object, directly or indirectly of inducing--

इस प्रावधान की ध्वनि आदर्श चुनाव संहिता में भी दिखाई देगी। राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि राज्यों में चुनाव हो चुके हैं। राजस्थान के छोटे बडे सभी न्यूज पेपर्स में पूरे पेज के विज्ञापन छपे हैं, सबूत हैं, फ्रीबीज के, नई स्कीमों के और साथ ही नेताओं द्वारा दी गई गारण्टी के। धारा 123 आ पी एक्ट 1951 को जिसे ऊपर रेफर किया है, फ्रीबीज देना, रेवड़ी बांटना चुनाव में एक गम्भीर दुराचरण है। रिश्वत देना, भ्रष्टाचार करना, भेंट देना, वायदे करना आदि Corrupt Practices है, यह अपराध है। दो वर्ष की सजा हो सकती है। चुनाव के फैसले पर विपरीत असर डालने पर चुनाव भी निरस्त हो सकता है।

इन चुनावों में चुनाव आयोग व राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को सैकडों शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण कैसे हुआ, इसका पूर्ण उल्लेख नहीं मिलता। कुछ केसेज में नोटिस दिये गये हैं और उसका उत्तर दिये जाने से पहले ही बेलट बॉक्स बंद हो गये। न किसी को सजा मिली और न लताड़ ही मिली। राजस्थान के सीईओ प्रवीण गुप्ता का जवाब गले नहीं उतरता कि नोटिस जिन्हें दिये हैं, उन पर कार्यवाही होगी। आदर्श आचार संहिता की बड़ी लिस्ट है, किन्तु उनकी अवहेलना पर किसी के विरूद्ध नोटिस देने के अतिरिक्त कोई कार्यवाही नहीं की गई। हाँ, तेलंगाना के बीआरएस द्वारा जारी की गई रायथु बन्धु स्कीम पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के कारण रोक जरूर लगाई है। यों आचार संहिता अर्थहीन है, उसे नेताओं ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया है।

मेरा अपना मत है कि चुनाव कानून में सुधार की आवश्यकता है। आदर्श आचार संहिता को कानून का ही भाग बनाना चाहिये। उसके उल्लंघन पर सजा व फाइन हो तथा विशेष अदालत द्वारा सात दिन में उसका फैसला हो इस कानून का क्रियान्वय Sun Set Laws की भांति हो। नया कानून बनाने में निम्नलिखित सुझावों पर ध्यान दिया जावे:-

1) नये कानून का मूल उद्देश्य हो कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र व भयमुक्त वातावरण में, धर्म, जाति, रंगभेद त्याग कर संविधान के नीति निदेशक तत्वों को साकारता प्रदान करने का कल्याणकारी राज्य की स्थापना के संदर्भ में कानून की पालना करते हुये हो।

2) संविधान में नागरिकों के मूल कर्त्तव्य बताये हैं, उन पर अमल करना आवश्यक हो। जो व्यक्ति इन कर्त्तव्यों के प्रति उदासीन है और इन कर्त्तव्यों की पालना नहीं करता है उसे चुनावों में खडे होने का अधिकार नहीं दिया जावे। जो व्यक्ति सार्वजनिक सम्पत्ति को तोडफोड करता है, हिंसात्मक गतिविधियों में लिप्त हो उसे चुनाव में खडे होने से Disqualify माना जावे।

3) राजनैतिक दल दागी व्यक्तियों, भूमाफियों व चरित्रहीन व्यक्तियों को चुनाव में अपना उम्मीदवार न बनाये।

4) स्नातक की शिक्षा प्राप्त व्यक्ति से कम शिक्षा प्राप्त को सांसद व विधायक के पद के हेतु योग्य न माना जावे।

5) 2 वर्ष की सजा का अपराधी चुनाव लड़ने के योग्य न माना जावे।

6) सांसद व विधायक से चुनाव जीतने पर शपथ पत्र लिया जावे कि वह देश की सेवा करेगा और रिश्वत न तो लेगा न देवेगा। विश्वास दिलायेगा कि वह एक चरित्रवान व्यक्ति है, देश का सेवक है।


7) सभी राजनैतिक पार्टियां जिनकी सरकार केन्द्र अथवा राज्य में है वे चुनाव से 6 माह की अवधि में ऐसी घोषणा नहीं करेगी, जिसे लोक लुभावना कहा जाता है तथा जो फ्रीबीज है। इसके अतिरिक्त ऐसे कानून नहीं बनायेंगे अथवा राज्य आज्ञा जारी नहीं करेंगे जिन्हें लोक हितकारी बताये गये हैं।

8) जीतने के बाद घोषण पत्र (चुनाव मेनिफेस्टो) के अनुसार कार्य न करने पर प्रेसीडेन्ट रूल लागू किया जावे अथवा जनता को Recall का अधिकार दिया जावे आदि-आदि।

याद रहे हमें मिलकर देश को सही अर्थों में धर्म निरपेक्ष लोक तंत्रात्मक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी लोक तंत्रात्मक गणतंत्र बनाना है। गुरू नानक देव जी ने शिक्षा दी थी कि जीवन में सुख शान्ति और सफलता चाहते हो, तो ध्यान रहे काम हमेशा ईमानदारी से करें।

**–अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# खूब फलफूल रहा है कनाडा वीज़ा और वर्क परमिट घोटाला !



सुरेश कुमार गारोदिया

**एक** राज्य से दूसरे राज्य, एक देश से दूसरे देश में लोगों का प्रवास कोई नई बात नहीं है। यह बहुत पुरानी घटना है. इसके दो मुख्य कारण कारण हैं - पहला आर्थिक और दूसरा बेहतर जीवन के लिए। पहले को 80 प्रतिशत और बाकी 20 प्रतिशत ने दूसरे कारण से अपनाया। अब पिछले कुछ दशकों से शिक्षा युवा पीढ़ी के लिए उच्च शिक्षा के लिए दूसरे देशों की ओर पलायन का पहला कारण बन गई है क्योंकि स्वतंत्रता के बाद से हमारी सरकारों द्वारा शिक्षा क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। हमारे देश से सभी राज्यों से छात्र शिक्षा के लिए पलायन करते हैं। लेकिन नौकरी और बेहतर जीवन शैली के लिए पंजाब, गुजरात, केरल, आंध्र प्रदेश से अधिक लोग पलायन करते हैं।

बेहतर नौकरी के लिए सबसे पसंदीदा देशों में कनाडा शीर्ष पर है। पंजाब और अन्य राज्यों से लोग कनाडा प्रवास में काफी रुचि ले रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कुछ अवांछित और धोखेबाज लोग भोले-भाले व्यक्तियों को नकद में अधिक राशि के बदले वीज़ा और वर्क परमिट प्रदान करने के व्यापार में शामिल हैं और कनाडा में व्यवसाय करने वाले और वर्क परमिट जारी करने का अधिकार रखने वाली कंपनियों के मालिक कुछ लोग इस अवैध तरीके से भारी पैसा कमाने का लाभ उठा रहे हैं। व्यापार और इन भोले-भाले लोगों को कनाडा के अधिकारियों को वर्क परमिट जारी करने की सिफारिश करता है और इन व्यक्तियों से भारी रकम लेने के लिए मजबूर करता है। एक बार जब कोई व्यक्ति इनकी पकड़ में आ जाता है तो ये धोखेबाज उनसे मोटी रकम वसूलने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाते हैं। चूंकि यहां कोई अधिनियम या किसी भी प्रकार का कानून नहीं है और सभी लेनदेन नकद में हैं, इसलिए पीड़ित की कोई मदद नहीं कर सकता। ये धोखेबाज़ उन महिलाओं को भी नहीं बख्शते जिनके माता-पिता/शुभचिंतक बड़ी रकम नकद में देते हैं।

कुछ लोग लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, चंडीगढ़, जालंधर, हैदराबाद, मुंबई, अहमदाबाद आदि से काम करते हैं। कुछ एनआरआई भी इस व्यापार में शामिल हैं। कुछ बहुत प्रभावशाली व्यक्ति भी शामिल हैं और वे पीड़ितों को धमकी भी देते हैं कि वे अधिकारियों को रिपोर्ट न करें अन्यथा उनके परिवारों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

भारत सरकार, उसके अधिकारियों और सत्तारूढ़ राजनेताओं को इस मामले को एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में लेना चाहिए और इन दोषियों को सजा देनी चाहिए। चूँकि इस प्रकार के अपराधों से निपटने के लिए कोई विशिष्ट कानून और अधिनियम नहीं है, लेकिन मानव तस्करी से निपटने के लिए बहुत सारे अधिनियम और नियम हैं और यह अधिनियम इस प्रकार के अपराधों के अंतर्गत आता है। जो व्यक्ति ये वीज़ा खरीदते हैं वे अपराधी हैं और ऐसे व्यक्ति हैं जो इस कारण से देश छोड़ना चाहते हैं कि या तो वे अपराधों में शामिल हैं या कुछ प्रतिबंधित संगठनों के सदस्य हैं जो विदेशी धरती से देश के खिलाफ अपराध रचते हैं और कनाडा इन अपराधों के लिए एक सुरक्षित देश है।

ऐसे वर्क परमिट की व्यवस्था करने वाले ये अपराधी देश की आंतरिक कानून व्यवस्था, सामाजिक शांति और सामाजिक सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं क्योंकि आपराधिक किस्म के लोग अपराध करने के बाद देश छोड़ने में इन लोगों की मदद लेते हैं। ये गतिविधियाँ सीधे तौर पर आंतरिक सामाजिक सुरक्षा में बाधा डालती हैं।

इस रैकेट में कुछ एनआरआई व्यवसायी शामिल हैं जो अन्य आर्थिक अपराधों जैसे लिमिटेड कंपनियों में बेनामी शेयरों के निवेश और प्रचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में भी शामिल हैं। गहन जांच से इन अपराधियों और राष्ट्र विरोधियों को सामने लाया जाएगा। यदि भारत सरकार कोई कानून लाती है तो इस प्रकार के मामलों में शामिल कई लोग सामने आ जायेंगे और भारी मात्रा में काला धन सामने आ जायेगा। यह बिना किसी संदेह के साबित हो जाएगा कि हाल ही में कनाडा की धरती से हमारे देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के दोषी पाए गए लोग इस प्रकार के वर्क परमिट विक्रेताओं द्वारा वहां भेजे गए व्यक्ति हैं। सरकार इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की कमाई से बनाई गई भारी काली कमाई और संपत्तियों का पता लगाएगी।

हमारी केंद्र सरकार को इस प्रकार के अपराधियों को पकड़ने के लिए तत्काल कुछ कदम उठाने चाहिए और उन्हें सजा के दायरे में लाना चाहिए। यदि इसमें देरी हुई तो आपराधिक मानसिकता वाले एनआरआई व्यवसायी वर्क परमिट जारी करने के इस धंधे में सक्रिय हैं और हमारे देश की भोली-भाली जनता को वीजा दिलाने में मदद करते हैं। हमारी सरकार को इन धोखेबाजों की इन गतिविधियों को रोकना चाहिए और समाज के साथ-साथ पूरे देश की सुरक्षा को बचाना चाहिए।

**–सुरेश कुमार गारोदिया,**
**गोहाटी, असम।**

# भारतीय अर्थव्यवस्था के 75 वर्ष–आर्थिक विकास और हमारे पर्यावरण पर चुनौतियां



अशोक कुमार

**गतांक से आगे-----**

**हमारे पर्यावरण पर चुनौतियाँ - जल प्रदूषण**

भारत में तीव्र आर्थिक विकास की कीमत पर्यावरण को चुकानी पड़ी है। भारत के सामने सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक जल प्रदूषण है। जल प्रदूषण जल निकायों, जैसे नदियों, झीलों और भूजल में हानिकारक पदार्थों के छोड़े जाने के कारण होता है। इन पदार्थों में औद्योगिक अपशिष्ट, सीवेज और कृषि अपवाह शामिल हो सकते हैं। जल प्रदूषण का मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। इससे डायरिया, हैजा और टाइफाइड जैसी बीमारियां हो सकती हैं। यह जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचा सकता है और पानी को पीने, सिंचाई और अन्य उपयोग के लिए अनुपयुक्त बना सकता है।

**नीतिगत हस्तक्षेप**

भारत सरकार ने जल प्रदूषण को दूर करने के लिए कई कदम उठाए हैं। 1974 में, सरकार ने जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम लागू किया। इस अधिनियम ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) का निर्माण किया, जो जल प्रदूषण की निगरानी और विनियमन के लिए जिम्मेदार हैं। भारत सरकार ने जल प्रदूषण को संबोधित करने के लिए कई विशिष्ट नीतिगत हस्तक्षेप भी लागू किए हैं। इसमे शामिल है: अपशिष्ट मानक: सरकार ने विभिन्न प्रकार के उद्योगों और अन्य प्रदूषकों के लिए अपशिष्ट मानक निर्धारित किए हैं। ये मानक और नीति पुनर्नवीनीकरण किए जा सकने वाले उपचारित अपशिष्टों के अधिकतम स्तर या जल निकायों में छोड़े जा सकने वाले उपचारित अपशिष्टों की न्यूनतम मात्रा (मानदंडों के भीतर) निर्दिष्ट करते हैं।

**शून्य तरल निर्वहन:** सरकार ने कीटनाशकों, दवा और चमड़ा उद्योगों जैसे कुछ उद्योगों के लिए शून्य तरल निर्वहन अनिवार्य कर दिया है। इसका मतलब यह है कि इन उद्योगों को अपने अपशिष्ट जल को इतने उच्च मानक पर उपचारित करना होगा कि इसका पुन: उपयोग किया जा सके या प्रदूषण पैदा किए बिना इसे पर्यावरण में छोड़ा जा सके।

**सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र:** सरकार ने सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित किया है (सीईटीपी) औद्योगिक संपदा के लिए। सीईटीपी व्यक्तिगत उपचार संयंत्रों की तुलना में अधिक कुशल और लागत प्रभावी हैं। सार्वजनिक-निजी भागीदारी: सरकार ने जल प्रदूषण नियंत्रण परियोजनाओं के वित्तपोषण और कार्यान्वयन के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी की है।

**आर्थिक विकास और भारत में वनों की कटाई पर इसका प्रभाव**

भारत एक तेजी से विकासशील देश है और हाल के दशकों में इसकी अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालाँकि, यह आर्थिक विकास पर्यावरण की कीमत पर आया है, जिसमें वनों की कटाई भी शामिल है। वनों की कटाई कृषि, शहरीकरण और खनन जैसे अन्य भूमि उपयोगों के लिए वनों की सफ़ाई है। भारत में वनों की कटाई की दर दुनिया में सबसे अधिक है, और अनुमान है कि पिछले 75 वर्षों में देश ने अपना 20 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र खो दिया है। ऐसे कई कारक हैं जिन्होंने भारत में वनों की कटाई में योगदान दिया है, जिनमें शामिल हैं:

**जनसंख्या वृद्धि:** हाल के दशकों में भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और इसके कारण कृषि और आवास के लिए भूमि की मांग में वृद्धि हुई है।

**आर्थिक विकास:** भारत के आर्थिक विकास के कारण लकड़ी और लकड़ी जैसे वन संसाधनों की मांग में वृद्धि हुई है।

**कमजोर शासन:** कमजोर शासन और भ्रष्टाचार ने पर्यावरण नियमों को लागू करना और वनों की रक्षा करना कठिन बना दिया है। भारत के पर्यावरण पर वनों की कटाई का प्रभाव महत्वपूर्ण है। वनों की कटाई जलवायु परिवर्तन, मिट्टी के कटाव और जैव विविधता के नुकसान में योगदान करती है। इससे स्थानीय समुदायों के लिए पानी और अन्य संसाधनों की उपलब्धता भी कम हो जाती है। भारत में वनों की कटाई को कम करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप भारत सरकार ने वनों की कटाई को कम करने के लिए कई नीतियां लागू की हैं, जिनमें शामिल हैं:-

**वन संरक्षण अधिनियम, 1980:** यह अधिनियम केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना गैर-वन उपयोग के लिए वन भूमि के डायवर्जन पर रोक लगाता है।

**राष्ट्रीय वन नीति, 1988:** इस नीति का उद्देश्य भारत के वनों की रक्षा और संरक्षण करना है, और यह सुनिश्चित करना है कि वनों का प्रबंधन स्थायी रूप से किया जाए।

**संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम:** यह कार्यक्रम वनों के प्रबंधन और सुरक्षा में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए 1988 में शुरू किया गया था।

**प्रतिपूरक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016:** इस अधिनियम के तहत उन कंपनियों से अपेक्षा की जाती है जो वन भूमि को गैर-वन उपयोग के लिए स्थानांतरित करती हैं, ताकि वन क्षेत्र के नुकसान की भरपाई अन्यत्र पेड़ लगाकर की जा सके। इन नीतियों से भारत में वनों की कटाई को कम करने में कुछ सफलता मिली है। हालाँकि, अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। भारत में वनों की कटाई एक बड़ी समस्या बनी हुई है, और अनुमान है कि देश हर साल 1 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र खो रहा है।

हाल के दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, और इस वृद्धि के साथ ऊर्जा खपत, परिवहन आदि में वृद्धि हुई है जिसके परिणामस्वरूप ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि हुई है। भारत की जनसंख्या 2050 तक 1.6 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, और यह जनसंख्या वृद्धि भारत की बुनियादी जरूरतों (रोटी, कपड़ा और मकान), बुनियादी ढांचे, ऊर्जा संसाधनों पर भारी दबाव डालेगी जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारत की शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है और इस शहरीकरण के कारण ऊर्जा खपत और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि हो रही है। भारत की अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव महत्वपूर्ण है। अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन से भारत को प्रति वर्ष 45 बिलियन या सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत नुकसान होगा। यह लागत कई कारकों के कारण है, जिनमें शामिल हैं:

**फसल का नुकसान:** जलवायु परिवर्तन के कारण सूखा और बाढ़ जैसी अधिक गंभीर मौसमी घटनाएं हो रही हैं, जो फसलों को नुकसान पहुंचा रही हैं और कृषि उपज को कम कर रही हैं।

**पानी की कमी:** जलवायु परिवर्तन के कारण भारत के कई हिस्सों में पानी की कमी (ग्लेशियरों के पिघलने/कम वर्षा/भूजल में कमी आदि के कारण) हो रही है, जिसका असर कृषि, उद्योग और घरों पर पड़ रहा है।

**समुद्र के स्तर में वृद्धि:** समुद्र के स्तर में वृद्धि खतरनाक है और इसका न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में तटीय समुदायों और बुनियादी ढांचे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

**स्वास्थ्य पर प्रभाव:** मानव और अन्य जीवित प्राणियों के शरीर उनके रहने वाले क्षेत्र की जलवायु के आदी होते हैं। कोई भी जलवायु परिवर्तन न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि सभी के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है। बायोटा सहित अन्य जीवित प्राणी। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

**भारत सरकार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कई नीतियां लागू की हैं, जिनमें शामिल हैं:** जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी): यह योजना 2008 में शुरू की गई थी और जलवायु परिवर्तन पर आठ राष्ट्रीय मिशनों की रूपरेखा तैयार करती है। इन मिशनों में राष्ट्रीय सौर मिशन, उन्नत ऊर्जा दक्षता के लिए राष्ट्रीय मिशन और सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन शामिल हैं।

**इच्छित राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (आईएनडीसी):** यह दस्तावेज़ 2015 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) को प्रस्तुत किया गया था और 2021-2030 की अवधि के लिए भारत के जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करता है। इन लक्ष्यों में 2030 तक भारत की जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता को 33-35 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक भारत की गैर- जीवाश्म ईंधन-आधारित बिजली क्षमता को 40 प्रतिशत तक बढ़ाना शामिल है।

**राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी):** यह योजना 2022 में जारी की गई थी और बिजली क्षेत्र के लिए भारत की योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है। एनईपी ने 2030 तक 500 गीगावॉट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से 45 प्रतिशत संचयी बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

इन नीतियों से भारत के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और इसकी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में कुछ सफलता मिली है। हालाँकि, अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। भारत को अपने उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अनुकूलित करने के लिए अपनी जलवायु परिवर्तन नीतियों को लागू करना और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना जारी रखना होगा।

**– अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर, कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर, वैदिक विश्वविद्यालय निम्बाहेड़ा और निर्वाण विश्वविद्यालय, जयपुर**

# लूणी नदी में अवैध खनन को लेकर प्रशासन सख्त

## बालोतरा से लूनी नदी तक जाने वाले अवैध रास्ते को बंद किया


**बालोतरा, (निसं)।** जिले के बालोतरा में लूनी नदी में अवैध खनन को रोकने के लिए खनन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग ने बालोतरा से लूनी नदी तक जाने वाले अवैध रास्ते को बंद कर दिया है। इस रास्ते का उपयोग अवैध खनन माफिया ठेकेदार द्वारा लूनी नदी से बजरी का अवैध खनन करने के लिए किया जाता था।

खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध रास्ते को बंद करने के लिए विभाग ने भारी मशीनों का इस्तेमाल किया। रास्ते को बंद करने के बाद अब अवैध खनन माफियाओं के लिए लूनी नदी तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खनन विभाग ने हाल ही में कई अवैध खनन स्थलों पर छापेमारी की थी। इन छापेमारी में विभाग ने कई जेसीबी, ट्रैक्टर और डंपर जब्त किए थे। खनन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे अवैध खनन को रोकने के लिए कडे कदम उठा रहे हैं। विभाग अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। इसका स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि अवैध खनन से लूनी नदी को काफी नुकसान हो रहा था। अवैध खनन के कारण नदी का पानी प्रदूषित हो रहा था। साथ ही, अवैध खनन से नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों को भी परेशानी हो रही थी।

**■ खनन विभाग ने हाल ही में कई जगह छापेमारी की थी**

फोरमैन खनन विभाग हनमंतराम पटेल पटेल ने बताया कि दो-तीन दिन से लगातार शिकायतें आ रही थी। अवैध खनन के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी हमने अवैध खनन माफिया के जाने वाले रास्तों को बंद करवाया है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 1 दिसम्बर, 2023**


मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 4:40 तक, शुक्ल योग रात्रि 8:03 तक, बालव करण दिन 3:32 तक, चन्द्रमा आज 10:12 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-मेष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सांय 4:40 तक है। कुमार योग दिन 3:32 से सांय 4:40 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:21 तक, लाभ-अमृत 8:01 से 10:57 तक, शुभ 12:16 से 1:34 तक, चर 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:02, सूर्यास्त 5:29



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




**कर्क**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य योजनानुसार सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।




**कन्या**
परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी।




**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**मकर**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।



**मीन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

# मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विधानसभा आम चुनाव के तहत 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक गुरूवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई। शर्मा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 3 दिसम्बर को श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय में जिले की पांचों विधानसभा सीटो के लिए होने वाली मतगणना के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी के सम्बन्ध में चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए मतगणना प्रक्रिया के बारे में बताया।

इस अवसर पर उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने दलों के प्रतिनिधियों एवं मतगणना एजेण्टों की उपस्थिति मतगणना स्थल पर सुनिश्चित करते हुए चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि मतगणना में आने वाले राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मतगणना एजेन्टों के लिए पार्टी का पहचान पत्र एवं मतगणना के लिए बनाए जाने वाले मतगणना पहचान पत्र को उपलब्ध होना सुनिश्चित करे इसके अभाव में मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं हो सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी तरह का मोबाईल ले जाना वर्जित रहेगा अतरू अपने पार्टी से सम्बद्ध एजेण्टों को इस संदर्भ में आवश्यक रूप से अवगत करा दिया जावे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए निर्धारित तिथि को प्रातः 6 बजे प्रवेश प्रारम्भ हो जाएगा अतः निर्धारित समय पर मतगणना के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त एजेण्टों की उपस्थिति सुनिश्चित करे। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार मतगणना के लिए टेबल वार की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।



बांसवाड़ा कलैक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द्र शर्मा ने मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने चुनाव आयोग के द्वारा मतगणना के संबंध में जारी निर्देशों की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कडे प्रबन्ध सुनिश्चित रहेंगे। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र पर केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना प्रतिनिधि एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी पास धारक मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। इस अवसर पर चुनाव कार्यालय के भगवतीलाल जैन सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मीडिया कक्ष का किया अवलोकन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के तहत 3 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय में होने वाली मतगणना के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं मतगणना स्थल पर मीडिया कक्ष संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा गुरूवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने लिया। उन्होंने अवलोकन के लिए मीडिया कक्ष में की जाने वाली व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निर्देश दिए एवं मीडिया कक्ष में मीडिया कर्मियों के लिए बैठक व्यवस्था, सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए व्यवस्था एवं मतगणना संबंधी उद्घोषणा के लिए माईक सेट आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया कक्ष तक मीडिया कर्मियों के आवाजाही सम्बन्धी व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों के लिए मतगणना कक्ष में मोबाईल लाने पर रोक रहेगी तथा कवरेज के लिये हेण्डी केमरा ही साथ लाया जा सकेगा।

# बाल विवाह जागरूकता रैली

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के भीम व कुम्भलगढ ब्लॉक में जन विकास संस्थान एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुकून परियोजना संचालित है। जिसके तहत महिला हिंसा उन्मूलन पखवाडा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कुम्भलगढ क्षेत्र के बांसा विद्यालय में बालक-बालिकाओं के साथ बाल विवाह के मुद्दे पर चर्चा की गई एवं बाल विवाह की हानियों के बारे में जानकारी दी गई।

साथ ही बाल विवाह के प्रति जागरूक करने को लेकर गांव में बाल विवाह जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य मिठूसिंह रावत ने बताया सामज में बाल बाल विवाह को लेकर अनेक प्रथाएं चल रही हैं। लोग बडी बच्ची के साथ नाबालिग बालिका का विवाह करवा देते हैं। जिससे उनके पैसे तो बच जाते हैं परन्तु छोटे बच्चों का जीवन प्रभावित हो जाता है जिसके कारण आगे चल कर उन्हें अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडता है। परियोजना समन्वयक अनिता वैरागी द्वारा बच्चों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी गई साथ ही बालक का विवाह 21 वर्ष से पूर्व एवं बालिका का विवाह 18 वर्ष से पूर्व विवाह करने पर एक लाख जुर्माना व सजा के प्रावधान के बारे में बताया गया। साथ ही बताया कि विवाह में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान विद्यालय से पप्पा राम चौहान, देवीसिंह चदाणा, तखतसिंह गरासिया, राजवीर कुल्हारी, राकेश बलाई, दिनेश सांखला, सुनील कुमार, जगदीशचन्द्र शर्मा, कनिष्ठ लिपिक चैना राम एवं कम्युनिटी मोबिलाइसर सुमन सेन के साथ 35० किशोर एवं किशोरियां मौजूद रही।




छात्राओं ने बाल विवाह जागरूकता रैली निकाली।

# प्रो. शर्मा यूनेस्को महात्मा गांधी संस्थान की बैठक में लेंगे भाग

**उदयपुर, (कासं)।** यूनेस्को संचालित महात्मा गांधी शिक्षा व स्थायी विकासार्थ शिक्षा संस्थान के संचालक मण्डल की दिल्ली के इम्पीरियल होटल में आयोजित 11वीं वार्षिक बैठक की अध्यक्षता, संस्थान के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा करेंगे व वर्ष 2023 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

प्रो. शर्मा ने बताया कि कि गवर्निंग बोर्ड की इस बैठक में जापान की सुश्री एको डोडेन, इंग्लैण्ड की सुश्री बेकी ट्रांसिस, इंडोनेशिया की सुश्री एच.एच. जी.के.आर. ह्यू, श्रीलंका के मोहन मनसिंगे एवं मंगोलिया के ओयूमा पूरेवडोर्ज बोर्ड के सदस्य के रूप में भाग लेने आ रहे हैं।गवर्निंग बोर्ड अध्यक्ष एवं पेसिफिक विश्वविद्यालय समूह के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने बताया कि यूनेस्को-महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन फॉर पीस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट के गवर्निंग बोर्ड में पदेन सदस्य के रूप में भारत सरकार के शिक्षा सचिव संजय के मूर्ति एवं नीपा की कुलपति शशिकला वंजारी भाग लेंगे। पर्यवेक्षक के रूप में अमेरिका के रिचार्ड डेविडसन, मलेशिया से सुरिना षुक्री, कोरिया से पीटर रहे, थाइलेण्ड से सुह्यन किम् यूनेस्को की एडिशनल डाइरेक्टर जनरल स्टेफेनिया ग्यानिनि और यूनेस्को के निदेशक टिमोथी कर्टिस, भाग लेंगे। 1 व 2 दिसम्बर को दिल्ली में होने वाली वार्षिक बैठक में गत वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा कर वर्ष 2024 की योजना व बजट को अंतिम रूप दिया जाएगा।यूनेस्को द्वारा संचालित महात्मा गांधी शांति व स्थाई विकासार्थ शिक्षा संस्थान एशिया पेसिफिक देशो के लिए यूनेस्को का एकमात्र प्रथम श्रेणी संस्थान है।

## रोहित कोठारी को मिला अवार्ड

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी के युवा रोहित कोठारी को दादा साहब फाल्के आइकॉन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया । मुंबई में आयोजित अवार्ड नाइट में रोहित को दादा साहब फाल्के आइकन अवार्ड युवा इंटरप्रेन्योर एवं एंटरटेनमेंट मीडिया जर्नलिस्ट के रूप में दिया गया। अवार्ड शो टीवी जगत की एवं देश की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई। कोठारी को इससे पहले भी कई अवार्ड से नवाजा गया है जिसमे नेशनल एक्सीलेंस आइकॉन अवार्ड, टेलेंट अचीवर अवार्ड, उदयपुर रत्न अवार्ड, यंग अचीवर अवार्ड, ग्लोबल अचीवर अवार्ड, ग्लोबल मेंस ऑफ द ईयर अवार्ड, एवं कई अवार्ड शामिल है।

# भारतीय इतिहास लेखन व युग निर्धारण पर संगोष्ठी आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, अक्षय लोकजन, ग्लोबल हिस्ट्री फोरम के संयुक्त तत्वावधान में विद्यापीठ के प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में भारतीय इतिहास लेखन तथा युग निर्धारण विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बिहार, झारखंड, उड़ीसा के मुख्य न्यायाधीश शारंगधर सिंह परिहार, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण सिंह कर्णावट थे जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने की।




भारतीय इतिहास का युग निर्धारण विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

**■ भारतीय संस्कृति, परम्परा, विरासत विश्व में अद्भुत : प्रो. सारंगदेवोत**

मुख्य अतिथि शारंगधर सिंह परिहार ने कहा कि पिछले वर्षों में अन्तराष्ट्रीय स्तर पर सनातन, धर्म, संस्कृति, पुरातत्व सम्बन्धी संठाहालयों, पुस्तकालयों आदि का अध्ययन करने के साथ यूरोपीय और भारतीय विद्वानों द्वारा लिखित ऐतिहासिक विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं का पालना (झूला) रहा है, इसलिये हमारे देश के इतिहास को सिन्धु - सरस्वती सभ्यता से लेकर मनवन्तर-सप्तऋषि कलेण्डर, युधिष्ठिर कलेण्डर, विक्रम-संवत, शक-संवत, हर्ष-संवत, शालीवाहन-संवत इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में भारतीय इतिहास में युग निर्धारण एवं काल गणना, वैदिक एवं प्रचलित पंचागों पर आधारित होना चाहिये। परिहार ने बताया कि जिस तरह विश्व में समय की गणना औपनिवेशिक काल में इंग्लैण्ड के ठीनविच (स्टेण्डर्ड समय) को आधार मानते हुए की जाती है जो नितान्त यूरोपीय दृष्टिकोण है इसी दृष्टि से भारतीय इतिहास का समय (स्टेण्डर्ड समय) निर्धारण भारतीय ऐतिहासिक मानदण्डों के अनुसार होने की बात कही।कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय, संस्कृति, परम्परा, विरासत विश्व विख्यात है, इसे तर्को के साथ पुनर्लेखन की जरूरत है। भारतीय गणना का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास को तोड़-मरोड़ कर लिखा गया है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी जो सूर्य की परिक्रमा करती है उसकी सटीक परिभ्रमण गति को भी पृथ्वी की दैनिन्दिन गति के रूप में आर्य भट्ट ने 2000 वर्ष पूर्व आर्य भटट्रीय में दिया था। प्राचीन काल से ही भारतीयों को यह ज्ञान था कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। आयोजन सचिव डॉ. अजात शत्रु शिवरती ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एक दिवसीय संगोष्ठी की जानकारी देते हुए बताया कि शारंगधर सिंह परिहार बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा के मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत हुए हैं।

## सार-समाचार

### हवन यज्ञ किया



**उदयपुर, (कासं)।** नारायण गिरि आश्रम में यज्ञ का श्री गणेश उदयपुर 30 नवंबर सेक्टर 14 स्थित शनि मंदिर नारायण गिरि आश्रम में गुरुवार को पूर्व स्थापित देवताओं का पूजन के साथ यज्ञ का श्री गणेश हुआ मंदिर के महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि मेवाड ज्योतिष परिषद के पंडित प्रोफेसर राज आमेटा के आचार्यत्व में 9 पंडितो द्वार अनुष्ठान कार्य संपन्न किया जा रहा है जिसकी तथा नव गृह मूर्तियों का जलाधिवासन, वस्त्राधिवासन, फलाधिवासन किया गया एवं गृह शांति स्थापित देवताओं का हवन यज्ञ किया गया। महंत ने बताया कि गुरुवार को पुष्पाधिवासन नेट्रोनिमिलन के साथ नव गृह की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और स्थापना की जाएगी तथा दोपहर बाद महाप्रसादी और बाहर से आए संत महात्माओं को विदाई दी जाएगी उसी के साथ 3 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपूर्ण होंगे

### सांवलिया सेठ को छप्पन भोग धराया

**मंडफिया, (निसं)।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में छप्पन भोग धराया गया। जानकारी के अनुसार मंडफिया निवासी मनोज कुमार कोठारी पुत्र चतुर्भुज कोठारी की ओर से अपने सुपुत्र शुभम कोठारी के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, सूखे मेवे एवं विभिन्न प्रकार के फलों का छप्पन भोग धराया गया। इससे पहले कोठारी परिवार के निवास स्थान से भक्तजन बैंड बाजे के साथ नाचते गाते छप्पन भोग सिर पर एवं हाथों में लिए भव्य जुलूस के साथ भगवान सांवलिया सेठ के मंदिर में पहुंचकर छप्पन भोग धराया। मंदिर पुजारी ने सभी को तुलसी एवं चरणामृत में प्रदान किया। इस मौके पर छप्पन भोग का प्रसाद सभी भक्तों को वितरण किया गया। कोठारी द्वारा भगवान सांवलिया जी सेठ को छप्पन भोग के साथ एक किलो वजनी चांदी की सिलिया एवं नगदी रुपए भेंट किए गए। छप्पन भोग जुलूस में सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, सूरजमल कोठारी, अशोक कुमार कोठारी, मनोज कुमार कोठारी, नितिन कोठारी, भेरूलाल जारोली, राधेश्याम कौशल, तिलकराज जारोली, मनोहर लाल गदिया, राजमल नपावलिया, जीवन सोनी, महावीर रांका, जीवन मोगरा, राजकुमार गांधी, कोमल कोठारी, राकेश कोठारी, पिंटू कोठारी, पंकज कोठारी, अनिल कोठारी, अर्पित कोठारी, अनुराग कोठारी सहित राजस्थान मध्य प्रदेश गुजरात एवं महाराष्ट्र से आए सैकडो भक्तों ने भाग लिया।

### श्रीरामलीला महोत्सव आज से

**कानोड़, (निसं)।** भारत का प्रसिद्ध धर्म प्रचारक रामलीला मंडल काशी द्वारा 1 दिसंबर से 10 दिसंबर तक रात्रि 8 से 11 बजे तक कानोड़ राजमहल प्रांगण में भव्य 10 दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन शुक्रवार से शुभारंभ होगा। मंडल के संचालक अशोक उपाध्याय ने बताया कि आयोजन 10 दिन तक प्रतिदिन रात्रि में नियमित मंचन किया जाएगा । प्रथम दिन की रामलीला में दशरथ पुत्र प्राप्ति यज्ञ श्री राम जन्म का मंचन होगा । भगवान राम के जन्म से लेकर पूरी रामलीला रावण वध तक भगवान श्रीराम के राजतिलक तक दिखाई जाएगी । रामलीला जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंग दिखाए जाएंगे , काशी के प्रसिद्ध 25 कलाकारों द्वारा नाटक मंचन किया जाएगा । बताया कि रामलीला केवल मनोरंजन ही नहीं हमारी संस्कृति है, ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार स्थापित होते हैं और अपनी संस्कृति भी बचती है और धर्म का भी प्रचार होता है कहीं ना कहीं आज के समय में बच्चों को शिक्षा अच्छी मिल पा रही है लेकिन संस्कार नहीं मिल पा रहे हैं। इस आयोजन के दौरान हनुमान चालीसा का वितरण किया जाएगा।

### ट्रैक्टर के नीचे दबने से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के कनबा गांव में ट्रेक्टर के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई। शव का जिला अस्पताल में मोर्चरी में रखवाया गया। गुरुवार सुबह मृतक परिजन जिला अस्पताल के मोर्चरी पहुंचे तथा मृतक युवक के पिता देवा ननोमा ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि उसका लडका विकेश ननोमा अपने दोस्त संजय के साथ बुधवार शाम को कनबा गांव से पैदल घर लौट रहा था, इस दौरान रास्ते में सडक किनारे पुलिए के पास विकेश बैठा हुआ था। इस दौरान जैलाणा की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर आया तथा पुलिए पर बैठे को पहले टक्कर मारी। टक्कर के चलते विकेश पुलिए के नीचे गिर गया। वहीं ट्रेक्टर भी पुलिए से नीचे गिरते हुए विकेश के ऊपर जा गिरा। जिससे विकेश की मौके पर मौत हो गई। जिसका शव मिला अस्पताल के मोर्चरी रखवाया गया। मृतक युवक के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट देकर कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए ट्रेक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट सौंपी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवार शव परिजनों सुपुर्द किया। वहीं पुलिस ने पिता के रिपोर्ट में मामला दर्ज करते हुए ट्रेक्टर चालक की तलाश में जूट गई।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की धंबोला पुलिस ने नाबालिक लडकी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी राकेश कटारा ने बताया की प्रार्थी द्वारा 21 सितम्बर को थाने में रिपोर्ट देकर बताया की उसकी नाबालिक लडकी घरेलू सामान लेने के लिए बाजार गई थी, लेकिन वापस घर नही लौटने पर खोजबीन करने पर पता चला की आरोपी राहुल पुत्र जयंतीलाल मीणा निवासी पोपटली ने लडकी का अपहरण कर ले जाकर उसके साथ एक कमरे बंद कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट पेश की। जिस पर धम्बोला पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी राहुल को खोजबीन करने के लिए विशेष टीम का गठन किया जाकर 29 नवम्बर को आरोपी राहुल रोत मीणा को गिरफ्तार किया गया।

### अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** वर्तमान में डूंगरपुर नगर सहित जिले में बढते अपराधों के कारण आम जन अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। यही नहीं आये दिन लूटपाट, चोरी की घटनाएं होना आम बात है। हाल ही बेणेश्वर धाम के महंत अच्युतानंद महाराज भी समाज कंटको ने हमला कर घायल कर दिया था। इस तरह की घटनाएं जिले के मुख्य मार्ग पर आये दिन घटित होती है। यही नहीं हाल ही दुपहिया व चौपहिया वाहनों पर पथराव की घटना भी अब आम बात बन गई है। नगर में चल रहे निमार्णाधीन मकानों में वायर चोरी सहित अन्य वारदाते भी घटित हो रही है। इस तरह की घटनाओ को लेकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने पुलिस प्रशासन से लिखित व मौखिक रूप से अनुरोध भी किया गया। लेकिन पुलिस प्रशासन इन घटनाओं को रोक पाने में असफल साबित हो रहा है। चेम्बर ने पुलिस प्रशासन ने मांग की है कि समय रहते जिले के सभी मार्गो पर रात्रि कालीन गश्त की माकूल इंतजाम कराने की मांग की है। ताकि घटनाओ पर अकुंश लग सके। यह जानकारी चेम्बर के महामंत्री प्रभुलाल पटेल ने दी।

### कलश यात्रा व भजन संध्या आज

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के घाटी ग्राम पंचायत क्षेत्र के खेमाखेडा गांव में स्थित चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में नवीन ध्वजदंड प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ होंगे। आयोजन से जुडे हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि सूरजकुंड के महंत अवधेशानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत शुक्रवार की सुबह भूमि पूजन कार्यक्रम होगा। दोपहर के समय विशाल कलश की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार की शाम को आयोजन स्थल पर वैदिक मंत्रोंचार के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी तथा रात्रि को विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें भजन गायक भगवत सुथार एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतिया दी जाएगी। दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत शनिवार की सुबह मंदिर के शिखर पर नवीन ध्वजदंड चढाया जाएगा तथा विशेष पूजा अर्चना का आयोजन होगा। कार्यकर्ताओं के द्वारा दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सार-समाचार

### कैंडल मार्च निकाला



**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर केयर एण्ड स्पोर्ट सेंटर द्वारा वर्ल्ड एड्स डे की पूर्व संध्या पर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शैलेश सुराणा की उपस्थिति में आयोजित इस कैंडल मार्च में सीएससी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम शर्मा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विभा जानी, काउंसलर दुर्गा प्रजापत करण सिंह, गोपाल, मंगल आदि उपस्थित रहे। एडीएम ने इस कार्यक्रम के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की बात कही और प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### डॉ. लोकेश गुप्ता ने संभाला कार्यभार

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के संघटक राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता के रूप में डॉ. लोकेश गुप्ता के द्वारा गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व में डॉ. गुप्ता ने विश्वविधालय छात्र कल्याण अधिष्ठाता के दायित्व का निर्वहन किया है एवं वर्तमान में डॉ. गुप्ता महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय दूसरे संघटक दुग्ध एवं खाद्य विज्ञान महाविधालयए उदयपुर के अधिष्ठाता के रूप में कार्यवहन कर रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने अभी तक 22 करोड रूपये की विद्याथियों एवं किसानोपयोगी विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का सफल संचालन कर विश्वविधालय को देश एवं राज्य में अठाणीय पंक्ति में सुशोभित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा मेवाड में किसानों को रोजगाार से जोडने के लिए 5 किसान उत्पादक संगठन के गठन में सहयोग कर किसानों की सहायता की है। हाल ही में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बकरी की तीन नस्लों सोजतए करोली एवं गुजरी बकरी का पंजीयन राष्ट्रीय स्तर पर करवा कर विश्वविद्यालय ही नहीं अपितु राजस्थान प्रदेश का नाम पुरे देश में गुंजायमान किया इन नस्लों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मुख्य भूमिका डॉ. लोकेश गुप्ता की रही जिस से राजस्थान ही नहीं बल्कि पुरे भारत के बकरी पालकों को लाभ प्राप्त होगा। डॉ. गुप्ता को देश में पशुपालन पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर एनिमल न्यूट्रिशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से फेलो अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त डॉ. गुप्ता ने वियतनाम, कनाडा, आस्ट्रेलिया एवं फिलिपिन्स आदि देशों की यात्राऐं कर चुके हैं।

### कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** अम्बामाता थाना पुलिस ने अवैध पिस्टलय मय कारतूस जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिघारिया के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ.हनवंत सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए सोमेश सालवी निवासीशहिद भगतसिंह नगर कच्ची बस्ती पुला को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक पिस्टल मय पांच कारतूस जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि प्रकाश उर्फ चीनू नायक व उसके परिवार के बीच आपसी रंजिश चल रही थी। इसके लिए हथियार लेकर आने की जानकारी सामने आई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### निगम ने सीज किया अवैध निर्माण

**उदयपुर, (कासं)।** नगर निगम अतिक्रमण दस्ते ने गुरुवार को शहर के मल्ला तलाई इलाके में स्थित हरिदासजी की मगरी में एक कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक निर्माणधीन मकान सीज किया है। निगम के रेवेन्यू अधिकारी के अनुसार यह निर्माण बिना स्वीकृति के ओर अवैध तरीके से बनाया जा रहा था।अधिकारी ने बताया कि इनको पूर्व में भी तीन बार नोटिस दिया जा चुका है लेकिन फिर भी यह अपने रसूख के दम पर इसका निर्माण करते रहे। इस पर गुरुवार को निगम के अतिक्रमण दस्ते ने अल सुबह कार्रवाई को अंजाम देते हुए मकान को सीज कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार यह मकान ओसवाल समाज के अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ओर इनके पार्टनर मनोज कोठारी का है। प्रकाश कोठारी रिवेन्यू इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड हैं और वर्तमान में ओसवाल समाज के अध्यक्ष पद पर हैं।

### हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** सविना थाना क्षेत्र में हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सांय सविना थाना क्षेत्र में टेंपों की टक्कर से बाइक चालक मूणवास निवासी महेन्द्र सिंह (28) पुत्र इन्द्रसिंह की मौत हो गई। महेन्द्रसिंह गेहू के बीच लेने शहर आया था एवं बाइक पर वापस लौट रहा था। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं टीडी थाना क्षेत्र में गत दिनों हुए सडक हादसे में घायल लक्ष्मीबाई (30) कांतिलाल मीणा निवासी बारां की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना क्षेत्र में सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मयंक बेनीवाल पुत्र नरेन्द्रसिंह निवासी आशीर्वाद नगर रूपसागर रोड़ ने सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 9 नवंबर से 21 नवम्बर तक मकान पर ताला लगा वह बाहर गया था। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा एवं कमरों में समान बिखरा पड़ा था।

## बालिकाओं को दिया प्रशिक्षण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** केन्द्रीय विद्यालय में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक की बच्चियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य उमाशंकर विजय ने बताया कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सुरक्षा की ट्रेनिंग देना और उन्हें आत्मरक्षा के गूर सिखाना आज के परिवेश में बहुत आवश्यक है अतः इसके अंतर्गत विद्यालय में कराटे एक्सपर्ट कमान सिंह ने बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देते हुए किस प्रकार से अपनी आत्मरक्षा की जाती है व इसकी विभिन्न तकनीक सिखाई। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मनोज शर्मा ने बच्चियों को घर पर अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) द्वितीय उत्तर पश्चिम रेलवे, उदयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु ऐसी एजेंसियों से, जो निर्धारित अर्हकता पूरी करते हों, उनसे दो पैकेट सिस्टम के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:- **1. निविदा सूचना संख्या: NWR-SC-PSSA-NDT-DOHM-GC-T-9 2. कार्य का नाम स्थान सहित:** Project Supervision Services (PSS) for various construction sites/sections for Nathdwara - Devgarh Madariya Gauge Conversion Project being executed by Construction Organisation in the jurisdiction of Ajmer Division of North Western Railway. **3. कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,53,82,192.00 **4. जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 3,26,900.00 **5. ई-निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** 27.12.2023 up to 15.00 बजे तक **6.वेबसाइट का विवरण जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है: www.ireps.gov.in 7. कार्यालय ई-मेल का पता: dyce02udz@gmail.com** संख्या: NDT-DOHM-GC-T-9/PSS दिनांक: 27.11.2023 1220-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**पेमेन्ट रसीद बुक खोने की सार्वजनिक सूचना**

यह जनसाधारण के ध्यान में लाने के लिये है कि एनेक्सजर ए में वर्णित मूल पेमेन्ट रसीदें जो फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लि. की है, 23 नवम्बर 23 को फलासिया, आरजे में खो गयी हैं/गुम हो गयी है। यदि किसी व्यक्ति (यों) को ये मिलें, तो उनसे अनुरोध है कि रसीदें (दों) को तुरन्त नीचे दिये पते पर बैंक को लौटायें/साथ ही, कोई भी इन रसीदों से कार्य नहीं करें तथा फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लि. किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी प्रकार के दुरुपयोग के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

**पता:** फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड, ग्राउन्ड फ्लोर, माता जी का मंदिर के पास, होलीगाती रोड, ए.टी. एवं पोस्ट - फलासिया, जिला-उदयपुर-313701

एनेक्सचर ए

| क्रम सं. | रसीद बुक नं. | रसीद नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | 285439 | 7135971 से 7135975 |

# प्रदेश में कई जिलों में कोहरे से आमजन सहित वाहन चालक परेशान, बरसात से ठिठुरन बढ़ी

**चूरू, सादुलपुर, पावटा, श्रीमाधोपुर, उदयपुर सहित कई शहरों में कोहरे से सर्दी बढ़ी**

## पावटा सहित आस-पास के क्षेत्र में बारिश, ठंड से लोग बेहाल


पावटा सहित आसपास के क्षेत्र में बूंदाबांदी के साथ तेज बौछारों के रूप में मावठ गिरी।

**पावटा, (निसं)।** मंगलवार से बदलते मौसम के दौरान गुरुवार को हुई पहली मावठ ने लोगों के हाड कंपा दिए। पावटा सहित आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बूंदाबांदी के साथ तेज बौछारों के रूप में मावठ गिरी। सूर्यदेव के कभी बादलों की ओट में रहने से दर्शन दुर्लभ हो गए तो कभी धूप निकलने के बाद फिर वही कोहरा छाने लगा। समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया।

- **क्षेत्र में हुई पहली मावठ, सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, लोग हुए घरों में कैद**

मौसम के इस बदलाव और सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई है। हालांकि किसानों के लिए बड़ी राहत की बात है। रबी की फसल के लिए ये बारिश बहुत लाभकारी होगी। शुरुआती सर्दी के मौसम में पावटा सहित आस पास के क्षेत्र में पहली बार ऐसे मेघ मेहरबान हुए हैं कि गुरुवार सुबह 11 बजे से शुरू हुआ लगातार बारिश का दौर एक घंटे चलता रहा। बारिश के साथ बढी ठिठुरन से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। रिमझिम बारिश के चलते लोगों की दिनचर्या भी बदली वही ठंड और ठिठुरन के कारण दिनचर्या प्रभावित हुई। खास बात तो यह है कि जहां एक ओर यह रिमझिम बारिश आमजन को ठंड से प्रभावित कर रही है तो वहीं, दूसरी ओर यही बारिश किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला रही है। किसानों का कहना है कि रबि की फसल के लिए यह बारिश अमृत के समान काम करेगी। इससे हमारे सिंचाई और बिजली की खपत में भी कमी आएगी।

## शेखावाटी में कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री दर्ज


चूरू में सवेरे नौ बजे तक कोहरा छाया रहने से आमजन को परेशानी हुई।

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी में गुरुवार को सवेरे नौ बजे तक कोहरा छाया रहा। यहां मध्य रात्रि के बाद ही कोहरे ने अपना रंग दिखना शुरू कर दिया। साथ ही यहां सर्दी ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। ऐसे में वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।

- **सुबह-शाम विभिन्न स्थानों पर सर्दी से बचने के लिए लोगों ने अलाव जलाए**

मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। सुबह-शाम विभिन्न स्थानों पर सर्दी से बचने के लिए अलाव भी जलाए गए। आज यहां शाम ढलने से पहले ही गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। बाजारों में भी गर्म वस्त्रों आदि की बिक्री बढ़ गई है। कई जगह स्टॉल लग चुकी हैं। यहां लोगों को मौसमी बीमारी भी परेशान करने लगी है। सर्दी से बच्चों और बुजुर्गों को अधिक दिक्कत हो रही है।

रात्रि को सफर करने वाले गर्म वस्त्रों से लदकर ही घर से रवाना हुए। अभी तो यहां सर्दी और बढ़ेगी, यह तो शुरूआत है। यहां पिछले दिवस हुई बूंदाबांदी चने की फसल के लिए लाभदायक साबित होगी। हालांकि किसान बिरानी चने के लिए बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक यहां बिरानी चने की फसल अच्छी खड़ी है। किसानों का मानना है कि यहां एक मेह हो जाए तो फिर खेत खाली नहीं जाएंगे।

## शहर सहित ग्रामीण अंचल ने ओढ़ी कोहरे की चादर


श्रीमाधोपुर शहर सहित ग्रामीण अंचल में घना कोहरा छाया रहा।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** इलाके में ठंडक ने दस्तक दे दी है, वहीं शहर सहित ग्रामीण अंचल में गुरुवार सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी कम होने की वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। महज 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ भी दिखाई नहीं दिया।

गुरुवार को सुबह मौसम अचानक बदल गया। शहर सुबह कोहरे की चादर में लिपटा हुआ नजर आया। इससे सुबह दृश्यता काफी कम रही। आसमान में बादल भी छाए रहे। अचानक बदले मौसम के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे ठंड की तासीर भी बढ़ गई है। लोग आफिस, स्कूल या ड्यूटी पर जाते समय गर्म कपड़ों में लिपटकर निकले। नवंबर खत्म हो चुका है। गत दो दिन से मौसम अचानक बदल गया।

लोगों की सुबह जब घर के बाहर देखा तो पूरा शहर धुंध की चादर ओढ़े हुए था। कोहरे के साथ-साथ तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और लुढ़केगा। इससे ठंड बढ़ेगी। हवा बंद होने से धुंध भी लोगों की परेशानी बढ़ाएगी। सुबह कोहरे ने नेशनल हाईवे सहित अन्य मार्गों पर चलने वाले वाहनों की रफ्तार को प्रभावित कर दिया। अलसुबह कोहरे के कारण वाहन रेंगरेंग कर चले। इस धुंध से फसलों को फायदा होने की संभावना है।

## लेकसिटी में हवाई यातायात बाधित

**उदयपुर में घना कोहरा छाया**

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में तीन दिन से मौसम में धुंध दिखाई दे रही है। यह धुंध लेकसिटी को धुंधला कर रही है। गुरूवार को तो सुबह आठ बजे धुंध इतनी थी कि दृश्यता केवल 200 मीटर ही रह गई। घना कोहरा की यह धुंध सुबह 11 बजे तक देखी गई।

लेकसिटी अब कोहरे की आगोश में दिखाई देने लगी है। लगातार तीन दिनों से अलसुबह मौसम में यह धुंध देखी जा रही है। गुरुवार सुबह तो धुंध इतनी थी कि केवल 200 मीटर की दूरी पर ही वाहन एक-दूसरे को दिखाई नहीं दे रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्गों पर तो हालात यह हो गए कि बस व ट्रक चालक अपने वाहन रोड़ साइड में लगाकर धुंध छंटने व विजिबलिटी बढ़ने का इंतजार करने लगे। यह धुंध दोपहर तक मौसम में रही और दिन चढ़ने के साथ हल्की धूप के बीच यह कम होने लगी।

सुबह 8 बजे तो दृश्यता 200 मीटर से भी कम दिखाई थी जो दिन तक कुछ बढ़कर 1000 से 1500 मीटर तक बढ़ गई। इधर, विजिबिलिटी कम होने से शहर का हवाई यातायात बीते तीन दिन से प्रभावित हो रहा है। कई

- **धुंध से दो दिन पहले गोगुन्दा में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लेंडिंग हुई थी**

फ्लाइट्स देरी से पहुंच रही है तो कई को निरस्त करना पड़ा। गोगुन्दा में तो दो दिन पहले कम दृश्यता के चलते एक हेलीकॉप्टर रास्ता ही भटक गया था जिसे बाद में एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। धुंध और बादल छटने के बाद ठंड तेज़ होगी।

इधर, मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अधिकतम तापमान में डेढ़ डिग्री की बढ़ोतरी हुई है वहीं न्यूनतम तापमान में आधा डिग्री से अधिक गिरावट हुई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो बुधवार को क्रमशः 22.6 व 14.8 डिग्री पर था। मौसम में छाए बादलों के चलते दोनों ही तापमान में केवल 10 डिग्री का अंतर रह गया है।

## घने कोहरे से दो बसों में टक्कर, 20 यात्री घायल

**मामूली चोटें होने पर प्राथमिक उपचार के बाद बस में किया रवाना**


घायलों का टोल प्लाजा के प्रभारी डॉ. नरेश कुमार ने उपचार किया।

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित सादुलपुर के सिद्धमुख रोड पुलिया पर घने कोहरे के चलते दो प्राइवेट बसों की आमने सामने टक्कर में करीब 20 सवारियों को चोटें लगी। हालांकि गम्भीर चोटें नहीं होने के कारण लसेडी टोल प्लाजा की मेडिकल टीम के प्रभारी डॉ. नरेश कुमार के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने चोटिल हुई सवारियों का प्राथमिक उपचार किया। तत्पश्चात बसों को रवाना किया।

इसी दौरान एम्बुलेंस चालक रमेश कुलडिया भी घटना स्थल पर पहुंचे तथा यात्रियों की सेवा में सहयोग किया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के सिद्धमुख रोड पुलिया पर दो प्राइवेट बसों की आमने सामने टक्कर में चोटिल सवारियां पंजाब की बताई जा रही है, जो बुकिंग वाली बस में सवार थी। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह क्षेत्र में घना कोहरा होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा घने कोहरे के चलते ये हादसा हुआ। हालांकि यात्रियों के मामूली चोटें होने के कारण पुलिस थाना राजगढ में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## किशनगढ़ बास में भाजपा व कांग्रेस में कांटे का मुकाबला

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टी के समर्थक कार्यकर्ता अपने-अपने एग्जिट पोल में प्रत्याशियों को जिता रहे हैं। परंतु संकेत जीत के भाजपा के बने हुए हैं।

चर्चा है 2008 में और 2013 में दीपचंद खेरिया कांग्रेस टिकट से चुनाव लड़े और मतदान खत्म होने के बाद समर्थकों ने जीत के लड्डू बांटकर पटाखे चला दिए बाद में रिजल्ट उल्टा हुआ और भाजपा चुनाव जीत गई। इस बार भी कांग्रेस प्रत्याशी दीपचंद खैरिया समर्थकों ने मतदान खत्म होने के पश्चात ही कार्यालय पर जीत की खुशी में लड्डू बाटकर पटाखे छोड़ दिए। जिसकी चर्चाएं लोग कर रहे हैं।

वैसे यहां मुकाबला भाजपा के रामहेत यादव और कांग्रेस के दीपचंद खेरिया के बीच कांटे का बताया जा रहा है। दोनों ही जीत को लेकर आस्वस्थ हैं। परंतु सांसें बसपा से चुनाव मैदान में कांग्रेस से बागी सिमरत कौर ने अटका कर रखी हैं। नेताओं से लेकर हर कोई बसपा प्रत्याशी सिमरत कौर के पक्ष में हुए मतदान को लेकर आकलन करने में लगा है। बसपा 2018 में चुनाव जीती इसलिए ही नहीं इस बार बसपा से चुनाव लड़ रही सिमरत कौर पूर्व गृहमंत्री स्व. बाबू संपतराम के पुत्र सेवानिवृत्त आईएएस अशोक संपतराम की पत्नी है। स्व. बाबू संपतराम परिसीमन से पहले इसी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर राजस्थान सरकार में गृहमंत्री रहे।

- **बसपा प्रत्याशी ने दोनों की सांसें अटका रखी है**
- **आम मतदाता व नेता भी नहीं बैठा पा रहे वोटों का आंकलन**
- **मुकाबला भाजपा के रामहेत यादव और कांग्रेस के दीपचंद खेरिया के बीच कांटे का बताया जा रहा है**

किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र में करीब 60 हजार दलित मतदाता हैं। 2018 के चुनाव में बसपा के चुनाव जीतने में दलित समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी सिमरत कौर के साथ दलित समाज के साथ मेव, सिख समुदाय के लोग मजबूती से जुड़े थे। लेकिन मतदान में कितना साथ मिलता है यह तो चुनाव के नतीजे ही बताएंगे।

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 14 बाइक जब्त


पुलिस ने बाइक सहित चोरों को पकड़ा।

**टोंक, (निसं)।** जिले में हो रही मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं चोरों की धरपकड़ हेतु जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के निर्देशानुसार आदर्श चौधरी अति. पुलिस अधीक्षक टोंक व इन्दु लोदी वृत्ताधिकारी वृत्त पीपलू के सुपरविजन में थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने कार्रवाई करते हुऐ दो आरोपी घनश्याम पुत्र सुवालाल गुर्जर दूसरे आरोपी अजीज लूहार पुत्र अब्दूल लूहार निवासी चुली थाना मेहन्दवास जिला टोंक को अथक प्रयास कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से थाना बरोनी के दर्ज अभियोग एवं थाना कोतवाली के प्रकरण में चोरी हुई मोटरसाईकिलें बरामद कर जब्त की गयी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने टोंक, निवाई व जयपुर शहर के कई स्थानों से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही से 14 मोटरसाईकिलों को बरामद किया जाकर सीआरपीसी में जप्त किया गया। साथ ही उक्त मामले में विधि से संघर्षरत तीन किशोर निरूद्ध किये गये हैं।

## आसाराम बापू का चेकअप कराया

**जोधपुर, (कासं)।** दिल की बीमारी से पीड़ित आसाराम बापू को रूटीन चेकअप के लिए जोधपुर सेंट्रल जेल से एम्स लाया गया। एम्स में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में आसाराम बापू का रूटीन चेकअप करवाया गया। नौ नवंबर को भी एम्स में आसाराम बापू को भर्ती किया गया था। इसके बाद छुट्टी दे दी गई थी। गुरुवार को फिर रूटीन चेकअप के लिए उन्हें जोधपुर की सेंट्रल जेल से पूरी सुरक्षा के साथ एम्स लाया गया। यौन उत्पीड़न मामले में सजा काट रहे आसाराम बापू के हार्ट में ब्लॉकेज के कारण एंजियोग्राफी की सलाह दी गई थी। 9 नवंबर को भी हार्ट में तकलीफ के कारण उन्हें भर्ती करवाया गया था। जांच के बाद एंजियोग्राफी आदि जांच के लिए कहा गया, लेकिन आसाराम बापू ने किसी भी एडवांस जांच की अनुमति नहीं दी।

## जेईई मेन-2024 : अंतिम तिथि बढ़ाई

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। एलन के एजुकेशन एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष गत वर्ष के मुकाबले जनवरी सेशन की परीक्षा के लिए 4 लाख 60 हजार स्टूडेंट्स अब तक आवेदन कर चुके हैं। वर्ष 2023 में कुल 8 लाख 60 हजार स्टूडेंट्स ने जनवरी सेशन के लिए आवेदन किया था। स्टूडेंट्स की बढ़ ती संख्या को देखकर एनटीए द्वारा जेईई मेन जनवरी सेशन की आवेदन की अंतिम तिथि को 4 दिसंबर को रात्रि 9 बजे तक कर दिया गया है। ऐसे में आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या 13 लाख 50 हजार तक पहुंच सकती है। आवेदन में स्टूडेंट्स की संख्या में बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण इस वर्ष जेईई मेन की तिथियों को स्टूडेंट्स को चार माह पूर्व बताना है।

## रिजर्व ई.वी.एम. चोरी, सेक्टर ऑफिसर निलंबित

**जोधपुर, (कासं)।** पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य पंकज जाखड़ को जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर निलंबित कर दिया गया है। उनकी चुनावी ड्यूटी लगी थी और उन्हें सेक्टर ऑफिसर लगाया गया था। उनके द्वारा चुनाव में घोर लापरवाही सामने आने पर निलंबित कर दिया। सेक्टर अधिकारी पंकज जाखड़ की तरफ से एक रिजर्व ईवीएम गायब होने संबंधी रिपोर्ट उदयमंदिर थाने में दर्ज करवायी गई थी। मगर सबसे बड़ी बात है कि पुलिस द्वारा इस कृत्य को छुपाकर रखा गया। सेक्टर अधिकारी के सस्पेंड होने के आदेश जारी होने के बाद मामला सामने आया।

जानकारी के अनुसार हाल में हुए विधानसभा चुनाव के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य पंकज जाखड़ की ड्यूटी लगी थी। उन्हें सेक्टर ऑफिसर लगाया गया था। चुनाव समाप्ति के बाद ईवीएम को पॉलिटेक्निक कॉलेज में जमा करवाया जाता है। जाखड़ के पास में छह रिजर्व ईवीएम रखी हुई थी। मगर जब कॉलेज पर जमा करवाने की बात आई तो पता लगा कि एक रिजर्व ईवीएम गायब है। जोकि गिनती में कम पाई गई।

इस बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचना दी गई। तब उनके द्वारा पुलिस में पहले मामला दर्ज कराने को कहा गया। इस पर सेक्टर अधिकारी पंकज जाखड़ की तरफ से उदयमंदिर थाने में मामला दर्ज करवाया गया। दो दिन तक की जांच में ईवीएम का पता नहीं चलने पर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने 26 नवंबर को एक आदेश जारी पंकज जाखड़ को निलंबित कर दिया। आज आदेश की प्रति बाहर आने पर मीडिया को ईवीएम चोरी की जानकारी हुई।


उदयमंदिर थानाधिकारी प्रेमदान रत्नू ने बताया कि रिजर्व ईवीएम चोरी का प्रकरण दर्ज हुआ है। छह ईवीएम रिजर्व थी मगर उसमें से एक रिजर्व ईवीएम गायब होने पर चोरी का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। पुलिस अब इस बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

इसमें सबसे बड़ी बात है किसी प्रकार का केस दर्ज होने पर पुलिस की तरफ से मीडिया के लिए मॉर्निंग रिपोर्ट जारी की जाती है। जिसमें जिलेभर में हो रहे अपराधों का उल्लेख होता है। केस उसी दिन यानी 25 नवंबर को चुनाव वाले दिन दर्ज करा दिया गया था। मगर पुलिस की मॉर्निंग रिपोर्ट में इसका कोई जिक्र पांच दिन तक नहीं किया गया। पुलिस द्वारा मामले का छुपाया जाना तथ्य से परे लग रहा है। फिलहाल रिजर्व ईवीएम का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मां सहित दो बच्चों की हत्या करने वाला पड़ौसी युवक निकला

## आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के लिए मालवीय नगर सैक्टर एक में जनरल स्टोर से मांस काटने वाला चाकू 75 रुपए में खरीदा था

**जयपुर।** राजधानी के मालवीय नगर इलाके के झालाना स्थित खटीकों के मोहल्ले में मां सहित दो मासूमों की निर्मम हत्या करने वाला पड़ौसी युवक ही निकला है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद इसका खुलासा हुआ है। पुलिस ने उसकी पहचान कर ली और संभवतः देर रात तक उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। पुलिस की आधा दर्जन से अधिक टीमें गुजरात और मध्यप्रदेश की तरफ आरोपी के ठिकानों पर दबिश दे रही है। वहीं, गुरुवार दोपहर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतका और उसके दोनों बच्चों का शव परिजनों को सौंप दिया है। ग़मगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



पुलिस ने गुरुवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद मृतका और उसके दोनों बच्चों का शव परिजनों को सौंप दिया। उसके बाद ग़मगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें राजस्थान के अलावा गुजरात व मध्यप्रदेश में दबिश दे रही है।
- पुलिस ने देर रात तक आरोपी की गिरफ्तारी की संभावना जताई।
- मृतका सुमन का आरोपी शिव प्रताप की मां से करीब दो माह पहले घर के बाहर स्कूटी-बाइक धोने के दौरान पानी फैलने की बात को लेकर विवाद हुआ था।

प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने प्रतिशोध लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। वारदात से पहले उसने कुछ कपड़े और चाकू खरीदा था। उसने दुकानदार से कहा था कि ऐसा चाकू चाहिए, जिससे मांस काटा जा सके।

एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि हत्यारा कोई और नहीं बल्कि मृतका सुमन बिष्ट का पड़ौसी शिव प्रताप सिंह नाम का युवक है। वह नशेड़ी और सनकी किस्म का है। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि मृतका सुमन का शिव प्रताप की मां के साथ करीब दो माह पहले घर के बाहर स्कूटी-बाइक धोने के दौरान पानी फैलने की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी सनक हत्यारे के दिमाग में थी। वह इसका बदला सुमन की हत्याकर लेना चाहता था। बुधवार को मौका देख उसने मालवीय नगर सेक्टर एक में स्थित एक जनरल स्टोर से 75 रूपए में चाकू, नए कपडे, रूमाल, मफलर व शर्ट खरीदी थी। आरोपी ने दुकानदार से मांस काटने वाला चाकू मांगा था। इसके बाद वह सीधा सुमन के घर पहुंचा। यहां उसने पहली मंजिल पर सुमन (27) पत्नी लक्ष्मण सिंह और उसके दोनों बेटे जिव्यांश (4) और अभ्यांश (3) का चाकू से गला रेट कर बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी शिव प्रताप सिंह दो राउंड फायर कर पहली मंजिल से नीचे कूद कर फरार हो गया। भागते समय मौके पर गिरी पिस्टल को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

मांस काटने के लिए चाकू की डिमांड करने पर दुकानदार को उसका चेहरा याद रह गया। जब पुलिस इलाके में लोगों से पूछताछ कर रही थी तो दुकानदार ने दुकान की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दी। इसमें शिव प्रताप का चेहरा साफ नजर आ रहा है। पुलिस ने जब फोटो और वीडियो लक्ष्मण को दिखाए तो उसने शिव प्रताप की पहचान कर ली। उसके बाद से ही लगातार दबिश दी जा रही है।

### गमगीन माहौल में मां-बेटों की अर्थी उठी

गुरुवार दोपहर बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर मृतका सुमन और उसके बेटो जिव्यांश और अभ्यांश के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। मृतकों के शव जब एम्बुलेंस से झालाना स्थित उनके घर पहुंचे तो वहां का माहौल ग़मगीन हो गया। इस दौरान जब घर से शमसान घाट के लिए अर्थी उठी तो इस हृदयविदारक दृश्य को देख वहां मौजूद लोगों की आँखे नम हो गई। हर किसी की जुबान पर सिर्फ यही था कि पानी के छोटे से विवाद में इस तरह कोई किसी का परिवार कैसे ख़त्म कर सकता है।

### गुजरात-एमपी में दबिश दी

यादव ने बताया आरोपी शिवप्रताप सिंह नशेड़ी और सनकी किस्म का व्यक्ति है। पुलिस की आधा दर्जन से अधिक टीमों का गठन किया गया है, जोकि गुजरात और मध्यप्रदेश में आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रहीं हैं। पुलिस जल्द उसे गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस ने बुधवार देर रात महिला के देवर और उसके कुछ दोस्तों से पूछताछ भी की है।

### धरने पर बैठे बीजेपी प्रत्याशी

मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के प्रत्याशी कालीचरण सराफ सुमन के घर पहुंचे और वहां धरने पर बैठ गए। कालीचरण सराफ का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी तक वह धरना देंगे।

# विदेशी प्रतिनिधी दल ने जयपुर मेट्रो का दौरा किया



जयपुर मेट्रो का दौरा करने आये 37 विदेशी दल का गुरूवार को भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

**जयपुर, (का.सं.)।** भारत सरकार के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटिव द्वारा भारतीय तकनीकी और आर्थिक निगम कार्यक्रम के तहत 37 विदेशी प्रतिनिधियों के दल ने हेरिटेज संरक्षण के अध्ययन एवं चर्चा हेतु जयपु मेट्रो का दौरा किया।

मानसरोवर मेट्रो डिपो पहुंने पर प्रतिनिधी दल के साथ सभागार चिन्तन हॉल में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें हेटिज संरक्षण के दौरान आई बाधाओं तथा उनके उन्नमूलन पर विस्तृत जानकाी दल को दी गई। दल के सभी प्रतिनिधियों ने चर्चा व प्रश्न/उत्तर वार्ता सत्र में भाग लिया। इस दौरान जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा रों पूर्णकालिक निदेशकगण उपस्थित रहे। उसके उपान्त ऑपरेशनल कमांड सेंटर एवं डिपो वर्कशॉप का अवलोकन किया व जानकारी एकत्रित की। इसके पश्चात दल ने मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से छोटी चौपड मेट्रो स्टेशन तक की जयपुर मेट्रो द्वारा यात्रा की तथा छोटी चौपड स्थित ऑर्ट गैलेरी में स्कल्पचर, पेटिंग्स, कुंड के अवशेष, चौपड़ में खुदाई के दौरान निकले पुरातत्व अवशेष, गोमुखों एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोये गये पुातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने की जानकारी दी।

# 36 मतगणना केंद्रों पर 1121 एआरओ की ड्यूटी

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 की मतगणना के लिए मतगणना केंद्रों पर माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से सभी केंद्रों पर पोस्टल बैलेट और 8.30 बजे से ईवीएम के माध्यम से मतगणना आरंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सभी 36 केंद्रों पर मतगणना के लिए 1121 एआरओ की ड्यूटी लगाई गई है। जयपुर, जोधपुर एवं नागौर में दो-दो केंद्रों पर और शेष 30 निर्वाचन जिलों में एक-एक केंद्र पर वोटों की गिनती की जाएगी। गुप्ता ने बताया कि 51890 मतदान केन्द्रों पर ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना के लिए मतगणना केन्द्रों पर 2524 टेबल लगाई गई है। इनमें कुल 4245 राउंड में मतों की गिनती का कार्य पूरा होगा। शिव विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना सर्वाधिक 41 राउंड तक चलेगी, जबकि अजमेर दक्षिण के लिए मतगणना 14 राउंड में ही पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल और उसके आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। मतगणना प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा इंतजामों के अंतर्गत केन्द्रीय पुलिस बल और आरएएसी की व्यापक तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की गई है ताकि मतगणना स्थल पर किसी तरह का कोई व्यवधान नहीं आए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय पुलिस बलों की 40 कम्पनियां ईवीएम की सुरक्षा के लिए और आरएसी की 36 कम्पनियां मतगणना केन्द्रों पर तैनात रहेंगी। आरएएसी की 99 कम्पनियां विभिन्न जिलों में कानून-व्यवस्था के मद्देनजर तैनात की जाएंगी।

इन चुनावों में कुल 4 लाख 36 हजार 664 मतदाताओं ने पोस्टल बैलट का उपयोग किया है, जिसमें से 80 वर्ष से अधिक उम्र के 49 हजार 365, दिव्यांग श्रेणी के 11 हजार 656 एवं आवश्यक सेवाओं के 4 हजार 427 तथा मतदान प्रक्रिया में जुटे 3 लाख 71 हजार 166 मतदाता शामिल है। गुप्ता ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए परिणाम बिना किसी त्रुटि एवं देरी के समय रहते घोषित किए जाएं।

## महेशचन्द्र शर्मा को सेवानिवृत्ति पर विदाई

**जयपुर, (का.सं.)।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक महेशचन्द्र शर्मा को उनकी अधिवार्षिकी आयु पूरी होने पर गुरूवार को भावभीनी विदाई दी गई। विभाग के निदेशक पुरूषोत्तम शर्मा ने महेशचन्द्र शर्मा को साफा व माला पहनाकर और मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया। निदेशक शर्मा ने महेशचन्द्र शर्मा को अनुशासित और कार्यकुशल अधिकारी बताते हुए कहा कि वे राजकीय सेवा काल में सदैव मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के रहे।

समारोह को विभाग के वित्तीय सलाहकार सुभाष दानोदिया, अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना ने भी सबोधित करते हुए शर्मा के कार्यो एवं व्यवहार की प्रशंसा की।

## शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**जयपुर।** निंबार्क जयंती महोत्सव के उपलक्ष में गुरुवार को छोटी काशी जयपुर में जगतगुरु श्री श्रीजी महाराज के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में प्रदेश और देश की अनेक महत्वपूर्ण पीठों और मंदिरों के संत और महंतों के अलावा बड़ी संख्या में निम्बार्क वैष्णव जन सम्मलित हुए।

# बिना प्रारंभिक जांच एफ. आई. आर. क्यों? : हाईकोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की पालना नहीं करने पर ए.सी.एस., डी.जी.पी. और पुलिस आयुक्त को अवमानना नोटिस
- कोर्ट ने यह भी पूछा कि सी.आर.पी.सी. की धारा 41क का नोटिस दिए बिना गिरफ्तारी कैसे की गई?

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने व्यापारिक मामलों में मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की पालना नहीं करने पर डी.जी.पी., पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ, एसीएस गृह और जालूपुरा थानाधिकारी अंतिम शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मियों को अवमानना नोटिस जारी किए हैं अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि सात साल पुराने मामले में बिना प्रारंभिक जांच एफआईआर दर्ज क्यों की गई। इसके अलावा सीआरपीसी की धारा 41क का नोटिस दिए बिना गिरफ्तारी कैसे की गई। जस्टिस नरेंद्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश संजय ठाकुर, हर्षा ठाकुर व अशोक ठाकुर की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि जालूपुरा पुलिस ने रिकवरी एजेंटों बैंकों के साथ मिलकर करीब आठ साल पुराने व्यापारिक लेन-देन के मामले में कुछ दिनों पहले संजय ठाकुर व अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली। वहीं पुलिस ने बिना प्रारंभिक जांच और धारा 41क का नोटिस दिए बिना संजय को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं इसकी सूचना उसके परिजनों को भी नहीं दी। दूसरी और मजिस्ट्रेट कोर्ट ने भी इस तथ्य की अनदेखी कर उसे रिमांड पर भेज दिया। याचिका में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने ललिता कुमारी, अर्नेश कुमार व जोगिन्दर सिंह के मामलों में यह व्यवस्था दे रखी है कि तीन माह से पुराने व्यापारिक मामलों में प्रारंभिक जांच के बाद ही एफआईआर दर्ज की जा सकती है। वहीं सीआरपीसी की धारा 41क के तहत आरोपी को गिरफ्तार न कर पूछताछ के बाद ही कोई कार्रवाई की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी तय किया था कि यदि कोई पुलिसकर्मी इसकी पालना नहीं करते को उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। याचिका में यह भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई व्यवस्था के तहत याचिकाकर्ता संजय ठाकुर को गलत तरीके से रिमांड देने वाले न्यायिक अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए सीजे के समक्ष याचिका पेश की जा चुकी है। याचिका में गुहार की गई की दोषी अधिकारियों को अवमानना के लिए दंडित किया जाए और थाने के संबंधित पुलिसकर्मियों को सभी फील्ड पोस्टिंग नहीं दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

- अदालत ने अभियुक्त पर तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है
- प्रकरण में अभियुक्त का सहयोग करने के लिए नामजद किए धर्मसिंह को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया

**जयपुर, (का.सं.)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त चरण सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने प्रकरण में अभियुक्त का सहयोग करने के लिए नामजद किए धर्मसिंह को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीडिता के साथ अपराध कर उसे शारीरिक व भावनात्मक क्षित कारित की है। अभियुक्त का यह कृत्य पीड़िता के व्यक्तित्व और उसकी गरिमा को आहत करने वाला है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि पीड़िता ने 24 फरवरी, 2021 को अस्पताल में इलाज के दौरान प्रताप नगर थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह आज स्कूल जाने के लिए तैयार हो रही थी, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण स्कूल नहीं गई और घर के दरवाजे पर खड़ी थी। इस दौरान पड़ोस में रखने वाला अभियुक्त चरण आया और उसके सिर पर भारी वस्तु से चोट मारी। जिससे वह अर्द्ध बेहोशी की हालत में चली गई। इस दौरान अभियुक्त उसका मुंह दबाकर अपने कमरे में ले गया और कहा कि वह पुरानी लड़ाई का बदला लेगा। इसके बाद वह बेहोश हो गई। अभियुक्त ने उसके साथ बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त चरण सिंह को सजा सुनाते हुए एक अन्य युवक धर्मसिंह को बरी कर दिया है।

# नाबालिग को घर बुलाकर दुष्कर्म

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में पड़ोसी युवक ने रोटी बनाने के बहाने एक नाबालिग किशोरी को घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि करौली निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि वह अपने परिवार के साथ खोह नागोरियान इलाके में रहता है। 26 नवंबर को सुबह वह अपने काम पर चला गया। पीछे घर पर उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी थी, जिसे आरोपी पड़ोसी ने रोटी बनाने के बहाने अपने घर बुला लिया। जब उसकी बेटी मदद के लिए आरोपी पड़ोसी के घर गई तो उसने जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर उसकी ही बदनामी का डरा दिखाकर घर भेज दिया। नाबालिग बेटी के परिजनों को आपबीती सुनाने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है।

## तृतीय श्रेणी लेवल-1 की नियुक्तियों पर यथा-स्थिति आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-1 भर्ती-2022 के विवादित उत्तर कुंजी के मामले में नियुक्तियों पर यथास्थिति के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश प्रियंका शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में विशेषज्ञ कमेटी रिपोर्ट पेश की गई। जिसे देखकर अदालत संतुष्ट नहीं हुई। इसके साथ ही अदालत ने भर्ती में दी जा रही नियुक्तियों पर यथा-स्थिति के आदेश दिए हैं। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने तृतीय श्रेणी शिक्षक के 21 हजार पदों के लिए भर्ती निकाली। इसकी लिखित परीक्षा के बाद बोर्ड ने प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी। इस उत्तर कुंजी में याचिकाकर्ताओं के जवाब सही थे। वहीं बोर्ड ने मामले में एक्सपर्ट कमेटी गठित कर करीब 22 सवालों के जवाबों में से कुछ को डिलीट कर दिया और कुछ सवालों के जवाब बदल कर अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी। बोर्ड की ओर से सवालों के जवाब गलत जांचने के चलते याचिकाकर्ता चयन से बाहर हो गए। याचिका में कहा कि भर्ती में उम्मीदवारों की योग्यता 12वीं के साथ डिप्लोमा है। लेकिन कमेटी ने विवादित प्रश्नों की जांच में राज्य सरकार व मान्यता प्राप्त संस्थाओं की पुस्तकों को आधार ना मानकर पीजी स्तर की पुस्तकों व्र निजी प्रकाशकों की किताबों को आधार बनाया है।

# एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर (कासं)।** एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज कई प्रगतिशील कार्य करने के लिए जाना जाता है। इसमें एक नया अध्याय और जुड गया जब संस्थान ने यूके और एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के बीच सहयोग के साथ अपनी यात्रा शुरू की। कॉलेज परिसर में विदेश से आए संकाय सदस्यों और परीक्षकों के साथ आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस प्रकार एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज, सरकारी सेटअप में इस तरह का पाठ्यक्रम संचालित करने वाला भारत का प्रथम संस्थान है।

इस कोर्स का उद्देश्य डॉक्टरों के संचार और नैदानिक कौशल को बेहतर बनाने में मदद करना है। इससे रोगी-डॉक्टर संबंध और दोनों के बीच विश्वास को बेहतर बनाने में काफी मदद मिली है। इस पाठ्यक्रम के तहत चार दिनों में 122 से अधिक रोगियों का मूल्यांकन और परामर्श दिया गया। ये मरीज विभिन्न बीमारियों के थे। कार्यक्रम में प्रतिनिधियों को सभी पहलुओं जांच, निदान, प्रबंधन और संचार के बारे में जानने का मौका मिला।

एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा ने कहा कि पैसिस प्रशिक्षण के बाद एसएमएस यूके पाठ्यक्रम सहयोग की दिशा में पहला कदम है और हमें उम्मीद है कि अगले साल तक एस.एम.एस. उन डॉक्टरों के लिए परीक्षा केंद्र भी बन जाएगा जो इस संबद्धता को अपने अनुभव के साथ जोड़ना चाहते हैं। हमारी यह भी परिकल्पना है कि निकट भविष्य में एस.एम.एस. और यूके के अस्पतालों के बीच एक छात्र विनिमय कार्यक्रम होगा। इस पाठ्यक्रम और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान के इस तरह के आदान-प्रदान से निश्चित रूप से भारत में डॉक्टरों के कौशल में समग्र रूप से सुधार होगा। मैं संस्थान को हर संभव तरीके से समर्थन देने के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद देता हूँ। डॉ. राजीव बगरहट्टा ने इस सपने को साकार करने के लिए डॉ. मोहनीश ग्रोवर, डॉ. मोनिका जैन, डॉ. भारती मल्होत्रा, डॉ. लीनेश्वर हर्षवद्धर्न, डॉ. अक्षिता, डॉ. आशु, डॉ. श्रुति भार्गव, डॉ. रमेश, सुनील सोनी और दिव्या टुटेजा को भी धन्यवाद दिया।

डॉ. रंजना गर्ग ने बताया कि सभी फैकल्टी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं और उन्होंने यूके में काम किया है। इनमें उनके अलावा डॉ. राम गुलाटी, डॉ. दिलीप सिंघवी और डॉ. गिरी तारुगोपुला शामिल हैं।

वह इस बात से भी संतुष्ट थीं कि इस पाठ्यक्रम के लिए शिक्षक-छात्र अनुपात सर्वश्रेष्ठ में से एक था, जो उम्मीदवारों के लिए अच्छा है। उन्हें उम्मीद है कि यह कोर्स कई लोगों द्वारा अपनाया जाने वाला पहला कोर्स होगा। इस कोर्स में शामिल होने के लिए देशभर से छात्र आए। एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के कई शिक्षकों ने भी अपने ज्ञान को ताजा और अद्यतन करने के लिए इसमें भाग लिया।

## जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में होगा म्यूजिक स्टेज

**जयपुर, (का.सं.)।** जब जयपुर 'जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल' के 17वें संस्करण के लिए तैयार है, तब जयपुर म्यूजिकस्टेज अपने बेमिसाल सितारों के साथ 'धरती के सबसे बड़े साहित्यिक शो' के साथ कदमताल के लिए तैयार है। जे.एम.एस. में भारतीय उपमहाद्वीप के प्रतिभाशाली कलाकार प्रस्तुति देंगे, जो संगीत की विविध शैलियों और इतिहास को बयां करेंगे।

जाने-माने गायक, गीतकार और कवि अलिफ़ (मोहम्मद मुनीम) पहली शाम को परफॉर्म करेंगे। अलिफ़ को बहुत से पुरस्कारों से नवाजा गया है, जिनमें प्रमुख हैं: सिंगल ललनावत के लिए दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल अवार्ड, सिंगललाइक ए सूफी के लिए अवार्ड और राइड होम के लिए आई.आई.एस. का 'बेस्टफोकसोंग' अवार्ड। अलिफ़ हाल ही में कोक स्टूडियो भारत के सीजन 2 में शामिल हुए थे, जहाँ उन्होंने क्या करेकोरिमोल गाया था।शाम की मधुर धुनों को आगे बढ़ाएंगे द तापी प्रोजेक्ट, जिसमें शामिल हैं योगेन्द्र सानियावाला (बेसगिटार, गीतकार, रचनाकार), स्वाति मिनाक्सी (स्वर), गौरव कपाड़िया (ड्रम्स) और बीजू नाम्बिअर (कीबोर्ड, बेस और ड्रम्स)।

# एल.आई.सी. की जीवन उत्सव योजना शुरू

**जयपुर ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) के अध्यक्ष सिद्धार्थ महांति ने नई योजना "जीवन उत्सव" शुरू की है। यह स्कीम 29 नवंबर 2023 से प्रभावी होगी। एल.आई.सी. की इस योजना में व्यक्तिगत, बचत और संपूर्ण जीवन बीमा शामिल है। यह सीमित प्रीमियम योजना है, जिसमें प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत अतिरिक्त लाभ शामिल है।




भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) के अध्यक्ष सिद्धार्थ महांति ने नई योजना "जीवन उत्सव" लांच की।

महांति ने बताया कि यह स्कीम 90 दिन से लेकर 65 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति के लिए है। इसमें जीवन भर आय और जोखिम कवर की गारंटी मिलती है। न्यूनतम प्रीमियम भुगतान अवधि 5 वर्ष है और अधिकतम प्रीमियम भुगतान अवधि 16 वर्ष रखी गई है। प्रत्येक पॉलिसी वर्ष, जिसके लिए प्रीमियम का भुगतान किया जाता है, गारंटीकृत अधिकृत लाभ जो कि 40 रुपये प्रति हजार मूल बीमा राशि है, प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होगा। बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर और सभी देय प्रीमियम का भुगतान करने के बाद, सीमित प्रीमियम अवधि और चयनित विकल्प के आधार पर ग्राहक दो विकल्पों के मुताबिक आय लाभ ले सकेंगे।

रेग्युलर इनकम बेनिफिट में जो मूल बीमा राशि का 10 प्रतिशत है, प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में देय होता है, जो कि आस्थागन अवधि के 3 से 6 वर्षों के बाद शुरू होता है। इसी प्रकार फ्लेक्सी इनकम बेनिफिट विकल्प में, पॉलिसीधारक को देय मूल बीमा राशि का 10 प्रतिशत पॉलिसी के नियमों और शर्तों के अधीन जमा किया जा सकता है और बाद में निकाला जा सकता है, एल.आई.सी. ऐसे आस्थागित फ्लेक्सी आय भुगतानों पर 5.5 प्रतिशत प्रति वर्ष के हिसाब से ब्याज का भुगतान करेगी, जो कि वार्षिक रूप से संयोजित होगा।

महांति ने बताया कि चूंकि पॉलिसीधारक को पूरे जीवन के लिए रिस्क कवर दिया जा रहा है, इसलिए मृत्यु लाभ भी कुछ शर्तों के हिसाब से देय होगा। जोखिम शुरू होने की तारीख के बाद बीमित व्यक्ति की मृत्यु दर, अर्जित गारंटीकृत अतिरिक्त लाभ के साथ 'मृत्यु पर बीमा राशि' के बराबर मृत्यु लाभ देय होगा, बशर्ते पॉलिसी चालू हो। यह मृत्यु लाभ, मृत्यु की तारीख तक भुगतान किए गए कुल प्रीमियम का 105 प्रतिशत से कम नहीं होगा। मृत्यु पर बीमा राशि, मूल बीमा राशि अथवा वार्षिक प्रीमियम का 7 गुणा, जो भी अधिक हो, देय होगा। इस योजना में परिपक्वता लाभ उपलब्ध नहीं है, क्योंकि रेग्युलर/फ्लेक्सी आय लाभ के विकल्प के मुताबिक जीवन भर फायदा मिलता रहता है।

# नीलगाय को बचाने के प्रयास में स्कॉर्पियो पलटी, तीन युवक घायल

## एक युवक की गंभीर हालत होने पर झुंझुनू रैफर किया

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के देवीपुरा के पास बुधवार देर रात को नीलगाय को बचाने के प्रयास में एक स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान गाड़ी में सवार तीन युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर झुंझुनू रैफर किया गया है।

हादसे में घायल राहुल पुत्र विक्रम सिंह निवासी भैसावता कलां ने बताया कि वह अपने गांव के ही दिनेश पुत्र अशोक, सूरज पुत्र रणवीर सिंह के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर अपने गांव से सिंघाना में अपने दोस्त को लेने के लिए आ रहे थे। जब वह देवीपुरा के पास पहुंचे तो अचानक एक नीलगाय सड़क पर आने से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी पलटी खाते हुए सड़क के नीचे जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर पास ही बने होटल में रहने वाले लोग दौड़ के आए और बड़ी मशक्कत कर गाड़ी में फंसे युवकों को



घायल युवक का अस्पताल में उपचार किया।

बाहर निकाल कर सिंघाना के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया गया।

इस दौरान डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सूरज पुत्र रणवीर सिंह की हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनू रैफर कर दिया। घटना की सूचना पर सिंघाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई। आसपास

■ **स्कॉर्पियो सवार अपने गांव से सिंघाना में अपने दोस्त को लेने के लिए आ रहे थे**

के ग्रामीणों से पूछताछ में सामने आया कि भैसावता कलां निवासी राहुल अपने खानपुर निवासी से दोस्त से गाड़ी शादी में जाने के लिए लेकर आया था, लेकिन शादी में जाने से पहले ही वह हादसे का शिकार हो गए।

हादसे में गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को थाने में खड़ा करवाया है। थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि हादसे में घायलों के बारे में आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए झुंझुनू भिजवाया गया है।

# भाजपा में घमासान, पूर्व जिलाध्यक्ष के नाम की पट्टिका पर पोती कालिख

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी से बगावत और निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में उतरे पूर्व ज़िलाध्यक्ष के खिलाफ चुनाव के बाद नाराज़गी चरम पर है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कार्यालय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से निकलने के बाद पूर्व ज़िलाध्यक्ष लादू लाल तेली की नाम पट्टिका पर कालिख पोत दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वहां जमकर नारेबाजी भी की।

भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस दौरान मतगणना में बूथ पर बैठने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा था। इसी बीच कार्यकर्ताओं ने भाजपा के बाग़ियों और निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन देने पर पूर्व ज़िलाध्यक्ष तैली के ख़िलाफ़ नाराजगी जाहिर की और कार्यवाही करने की मांग की। ज़िलाध्यक्ष

■ **भाजपा से बगावत और निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में उतरे पूर्व ज़िलाध्यक्ष लादू लाल तेली के खिलाफ चुनाव के बाद नाराज़गी चरम पर**

ने परिणाम के बाद उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया लेकिन ग़ुस्साए कार्यकर्ता प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद कार्यालय में लगी नाम पट्टिकाओं पर पूर्व ज़िलाध्यक्ष तेली के नाम पर कालिख पोत गये। बाद में नाम पट्टिका पर जहां-जहां कालिख पोती थी उसे फिर से सही करवाया। कालिख पुति नाम पट्टिका के फोटो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।

इस संबंध में जिला अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया से इस घटना कि जानकारी लगी है। कार्यकर्ताओं में बाग़ियों के खिलाफ गुस्सा है और जो कृत्य उन्होंने किया है वह निश्चित रूप से गलत है। कालिख पोतने वाले कार्यकर्ता कौन थे ? इसका पता लगाया जाएगा। साथ ही उन्होंने मतगणना संपन्न होने के बाद बाग़ियों के के खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कही। इस संबंध में पूर्व जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली का कहना है कि हमारे नाम पर कालिख पोत सकते हैं पर लेकिन हमारे किरदार पर नहीं। हम भाजपा के थे , भाजपा के हैं और भाजपा के रहेंगे। परिवार में मन मुटाव हो सकता है। लेकिन कुछ नेताओं के इशारे पर इस तरह का कृत्य किया गया वह ठीक नहीं है।

# चुनाव के दौरान जब्त रकम को लेने कोई नहीं आया

**अलवर,** (निसं)। जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान चैकिंग के दौरान जब्त किये गये रुपये लेने लोग अब तक आये ही नहीं। प्रशासन इन लोगों को फोन करके बुला रहा है। सबूत देने के बाद यह रकम लौटा दी जाएगी। लेकिन लोग डर के कारण जब्त की गयी रकम को लेने ही नहीं आ रहे। प्रशासन ने 2 दिसंबर तक की डेडलाइन तय की है यदि वह अपील नहीं करता है तो उसके खिलाफ सात दिसंबर को संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करायी जायेगी।

चुनाव के दौरान पूरे जिले में नोटों की जब्ती की गई। प्रदेश में जयपुर के बाद अलवर में सर्वाधिक 34 करोड़ रुपए पकड़े गए थे। ये कार्रवाई जीएसटी, सीजीएसटी के अलावा इनकम टैक्स व प्रशासन के सुपुर्द की गई। 50 हजार से

■ **प्रशासन इन लोगों को फोन करके बुला रहा है**

5 लाख तक की रकम जिन लोगों से पकड़ी गई, ये मामले प्रशासन के पास आ गए।

कुल रकम 1.11 करोड़ थी। कुछ लोग चुनाव से पहले प्रशासन के पास पहुंचे और सुबूतों के आधार पर अपनी रकम ले गए। कुछ को फोन करके बुलाया गया। फोन सभी लोगों को जा रहे हैं लेकिन कई लोग नहीं पहुंच रहे हैं। 29 लोगों को 65.63 लाख रकम देनी बाकी है। अब तक प्रशासन 23 लोगों को 50.80 लाख रुपए संबंधित लोगों को लौटा चुका है।

# मतदान केंद्र से वेब कैमरा चोरी

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। जिले के हनुमान नगर थाना क्षेत्र में विधानसभा चुनाव 2023 के तहत स्कूल में बनाये गये मतदान केंद्र पर लगा वैब कैमरा अज्ञात लोग चुरा ले गये।

पुलिस ने बताया कि महेंद्र कुमार मीणा ने थाने में रिपोर्ट दी कि विधानसभा आम चुनाव 2023 मे विधानसभा क्षैत्र 182 जहाजपुर में भाग सं. 28 गाडोली, शहीद ओमप्रकाश परिहार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कमरा नं. 3 में वैब कैमरा नं. 05655 बूथ पर लगाया गया था। 28 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति ने कमरे से वैब कैमरा चुरा लिया। सुबह विद्यालय खोलने पर स्टाफ को चोरी का पता चला। पुलिस ने मीणा की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# बीदासर में चोरों ने दो सगे भाइयों के बंद मकानों के ताले तोड़े

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे में पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा ही नहीं हुआ कि बुधवार की रात्रि में कस्बे के वार्ड नौ में दो सगे भाईयों के बंद मकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पास-पास में बने वार्ड नौ के बड़े भाई बनवारी लाल सारस्वत व छोटे भाई गोपाल सारस्वत के मकान के अज्ञात चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे।

जिसमें अज्ञात चोर बनवारी लाल के मकान के दो कमरे व अलमारियों के ताले तोड़कर समान बिखेर गये। अज्ञात चोर क्या-क्या सामान चुरा कर ले गये हैं उसका पता मकान मालिक आने के बाद ही पता चलेगा। बनवारी लाल दिल्ली में अपना कारोबार करता है। उनके मकान में आज से पॉच महिने पहले भी चोरी हुई थी। लेकिन उस चोरी का आज



चोरी की वारदात के बाद सामान बिखरा पड़ा है।

तक खुलासा नहीं हुआ है। उस समय अज्ञात चोर लाखों रूपये के स्वर्ण आभुषण चुराकर ले गये थे। अब फिर दूसरी बार अज्ञात चोरों ने चोरी को फिर अंजाम दिया है। लेकिन छोटे भाई के घर के मुख्य दरवाजे का ही ताला टूटा हुआ


■ **थानाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की**

था लेकिन कमरों के ताले नहीं टूटने से घर में चोरी की वारदात नहीं हुई। बनवारी लाल के चचेरे भाई नरेश सारस्वत ने पुलिस को सूचना देने पर मौके पर थानाधिकारी जगदीश सिंह पहुंचकर आस-पास के लोगों से पूछताछ की।

मौहल्लेवासियों ने बताया कि बुधवार की रात्रि में 12 बजे तक युवक मनोरंजन के लिये तास खेल रहे था। तथा घटना रात्रि में 12 बजे के बाद ही हुई है। मौहल्लेवासियों ने यह भी बताया कि इस मौहल्ले में तीन से चार घरो में चोरीयां हो चुकी है। लेकिन पुलिस ने एक भी चोरी का आज तक खुलासा नहीं किया है।

# पुष्कर-मेड़ता रेल मार्ग को वित्तीय स्वीकृति मिली

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर की प्रमुख पुष्कर-मेड़ता रेल लाइन की 59 किलोमीटर के मार्ग निर्माण की वित्तीय स्वीकृति को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जारी कर दी है। निर्माण कार्य होने से पुष्कर-मेड़ता रेल मार्ग से अजमेर के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। सांसद भागीरथ चौधरी ने पुष्कर-मेड़ता रेल मार्ग निर्माण कार्य प्रोजेक्ट के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में केबिनेट कमेटी ऑफ इकोनोमिक अफेयर्स (सीसीईए) में सांसद चौधरी ने बजट स्वीकृति का आवेदन किया था। जिसके तहत अजमेर से बीकानेर के लिए सीधी ट्रेन मिलने, रेल लाइन से उत्तरी भारत का अजमेर व गुजरात से सीधा संपर्क हो जाएगा। जोधपुर, जैसलमेर, नागौर, बीकानेर का सीधा रेलमार्ग आमजन को उपलब्ध होगा। ट्रैक पर फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।



अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शुद्ध देशी घी के कलश भरकर उन्हें बैलगाड़ियों में रखकर ले जाया जा रहा है। जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा का प्रोग्राम होगा। इसको लेकर बैलगाड़ियों में घी लेकर जोधपुर के संत रवाना हुए। जिनका पाली पहुंचने पर स्वागत किया। जोधपुर में महर्षि संदीपराम रामधाम गौशाला चलाने वाले संत संदीप महाराज ने प्रण लिया था कि अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा का कार्यक्रम में अपनी गौशाला का घी लेकर जाएंगे, जिसके लिए उन्होंने 600 किलो घी 108 कलशों में भरकर छह सुसज्जित बैलगाड़ियों में रखकर 108 शिवलिंग साथ लेकर रवाना हुए। पाली पहुंचने पर दर्जनों सनातनियों ने इनका स्वागत किया।

# उम्मेद अस्पताल में मरीज नहीं देखने का वीडियो वायरल

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज से संबद्ध उम्मेद अस्पताल में एक बालक की पर्ची नहीं बनाने व चेक नहीं करने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने पर बाल कल्याण समिति ने मामले में प्रसंज्ञान लिया और अस्पताल पहुंचकर कार्यवाही की। समिति ने अस्पताल अधीक्षक को मामले की गम्भीरता से जांच एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

वीडियो में उम्मेद अस्पताल में एक बालक को दिखाने आए परिजनों को पर्ची काटने से इनकार करते देखा जा रहा है। इस दौरान डॉक्टर इमरजेंसी में बीमार बच्चों को चेकअप करने से मना करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के अनुसार एक व्यक्ति अपने बीमार बच्चे को चेकअप करवाने अस्पताल आया था। इस दौरान अस्पताल में पर्ची काटने वाले कर्मचारी ने पर्ची काटने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही मरीजों को वहां से चले जाने के लिए कहा गया। वहीं जब उससे इसका कारण पूछा गया तो उसने इसके लिए डॉक्टर को जिम्मेवार बताया। उसका कहना है कि डॉक्टर के कहने के अनुसार ही उसने पर्ची काटने से इंकार किया था।

इस दौरान एक महिला भी अपने बच्चे को लेकर पहुंची थी। जब डॉक्टर और पर्ची काटने वाले ने मना कर दिया तो वह महिला अपने बच्चे को लेकर अस्पताल से चली गई। इसका वीडियो उसने सोशल मीडिया पर शेयर किया जो तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो पर प्रसंज्ञान में लेते हुए बाल कल्याण समिति अध्यक्ष विक्रम चेतन सरगरा व सदस्य बबीता शर्मा, जय भाटी व अनिल मरवण ने अस्पताल पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की।

# होटल में पुलिस की रेड

**नोहर,** (निसं)। इन दिनों क्षेत्र में अनेक होटल व कैफे के नाम पर खुले हुए व्याभीचार के अड्डों के खिलाफ गुरुवार को आमजन का गुस्सा फूट पड़ा। यहां शर्मा मार्केट में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास ओयो स्वागतम में दर्जनों लड़के-लड़कियां होने की सूचना के बाद मोहल्ले वासियों ने जमकर हंगामा किया।

आक्रोशित नागरिकों ने होटल में कथित रूप से गंदे काम होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। यहां की महिलाओं ने एकत्रित होकर होटल में आए दिन संदिग्ध लड़के-लड़कियों के आने-जाने के आरोप लगाते हुए होटल में कथित अवैध कार्य पर रोक लगाने की मांग की। होटल में कथित रूप से गंदे काम होने की जांच की मांग को लेकर भीड़ अंदर घुस गई, लेकिन अंदर कुछ नहीं मिला। लोगों का आरोप है कि बवाल मचने पर लड़कियां फरार हो गई।

# धमकी देने के मामले में महिला गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर के बाजार में किराए के मकान में रहने वाली एक महिला द्वारा बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसा कर रुपए एंठने के मामले में स्थानीय पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 हजार रुपए व एक मोबाइल जब्त किया है।

सांभर थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में राजेन्द्र कुमार थानाधिकारी सांभरलेक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। पीड़ित परिवादी महेश कुमार ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि एक महिला जिसका नाम उर्मिला है वह मुझे बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां देकर मेरे से रूपये की मांग कर रही है। मुझे उर्मिला से बचाओ अन्यथा में आत्महत्या करने को मजबूर हो जाउंगा आदि रिपोर्ट पर अभियोग

■ **महिला से 10 हजार रूपये व एक मोबाइल जब्त किया**

पंजीबद्ध कर तफ्तीश प्रारम्भ की गई।

पुलिस तफ्तीश में पता चला कि परिवादी से आरोपी महिला उर्मिला द्वारा 1अक्टूबर से बार-बार रूपये लिये जा रहे थे, अब तक लगभग एक लाख पचास हजार रूपये आरोपी महिला ले चुकी है। परिवादी द्वारा आरोपी महिला उर्मिला द्वारा रूपये मांगने की रिकॉर्डिंग पेश की गुरुवार को महिला उर्मिला द्वारा परिवादी से 10,000 रूपये की मांग कर देवयानी रोड पर सुबह 9 बजे रूपये लेकर आने के लिए कहा गया, तत्पश्चात परिवादी ने थाना पर सूचित किया जिस पर महिला को रंगे हाथ पकड़ दस हजार रूपये बरामद कर जप्त किये तथा घटना में प्रयुक्त एक मोबाईल को जब्त किया गया।

# सी.एम.एच.ओ. ने नोटिस जारी किया

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं व अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के सम्बंध में गुरूवार को विभिन्न प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए सीएमएचओ डॉ. निर्मल कुमार जैन ने राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. सुमन यादव को नोटिस जारी कर तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया है।

नोटिस में लिखा है कि, उक्त खबर में ओपीडी में चिकित्सकों के नदारद रहने के साथ-साथ अस्पताल में जांच सैम्पल देने के लिए मरीजों के चक्कर काटने, उनके परेशान होने व अधिकांश समय चिकित्सकीय स्टाफ के भी अपने कार्य से नदारद रहने के सम्बंध में प्रकाशित खबर पर तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवायें। इसकी प्रति चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान के जन स्वास्थ्य निदेशक, जयपुर जोन के संयुक्त निदेशक व जिला कलेक्टर को भी भेजी गई है।

# ''बूंदी महोत्सव''का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य शुभारंभ

## लोक कलाकारों ने संगीत, धुनों के बीच कच्छी घोड़ी नृत्य कर समां बांधा, वहीं परम्परागत लोक वाद्यों की धुनें गुंजायमान रही

**बूंदी** (निसं)। हाड़ौती के पर्यटन पर्व बूंदी महोत्सव का भव्य शुभारंभ गुरुवार को छोटी काशी में लोक सांस्कृतिक रंगों के बीच हुआ। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने मंगल वाद्य यंत्रों की ध्वनि के बीच मंत्रोच्चार, शंखनाद, गणपति पूजन वंदन किया। इसके बाद जिला कलेक्टर, बूंदी के पूर्व राजपरिवार सदस्य वंशवर्धन सिंह ने ध्वजारोहण कर पर्यटन पर्व का शुभारंभ किया। गढ़ गणेश की पूजा अर्चना पंडित विश्वनाथ शर्मा ने सम्पन्न कराई।

कार्यक्रम में बूंदी के पूर्व राजपरिवार सदस्य बलभद्र सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोहली, उपखण्ड अधिकारी सोहनलाल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, सीएमएचओ ओपी सामर, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी, जिला रसद अधिकारी शिवजी राम जाट, पुलिस उपअधीक्षक नरेंद्र





हाड़ौती के पर्यटन पर्व बूंदी महोत्सव का भव्य शुभारंभ छोटी काशी में लोक सांस्कृतिक रंगों के बीच हुआ, लोक कलाकारों ने संगीत, धुनें पेश की।

पारीक, इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, राजेंद्र भारद्वाज, गढ़ पैलेस संचालक जेपी शर्मा, पुरूषोत्तम लाल पारीक, अशोक कुमार तलवास, के.सी. वर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में आमजन की मौजूदगी रही।


**हर आयु वर्ग के व्यक्तियों में जबरदस्त उत्साह दिखा :-** बच्चे लोक कलाकारों के संग थिरकते नजर आए। स्काउट गाइड़ एवं राजकीय विद्यालयों के स्कूली बच्चे कतारबद्ध होकर अनुशासन में चल रहे थे। लोक कलाकारों ने संगीत, धुनों के बीच कच्छी घोड़ी नृत्य कर समां बांधा। वहीं परम्परागत लोक वाद्यों की धुने गुंजायमान रही। महोत्सव में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक बूंदी पहुंचे हैं।

**बूंदी महोत्सव के रंगों के बीच प्रतियोगिताओं का रोमांच दिखा :-** बूंदी महोत्सव के तहत गुरुवार को हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रंगों के बीच पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रतियोगिताओं का रोमांच भी देखने को मिला। परेड ग्राउड पर उत्सवी रंगों के बीच हुई प्रतियोगिताओं ने सभी को रोमांचित कर दिया।

**रस्सा कस्सी में दिखाया दम, मूंछों पर ताव दिया :-** महोत्सव के कार्यक्रमों की कड़ी में देशी व विदेशी सैलानियों की साफा बांधों प्रतियोगिता हुई। विदेशी महिला पुरुषों ने जहां जोश व उत्साह के साथ साफा बांधने में होड दिखाई, वहीं स्थानीय पुरुषों ने भी साफा बांधा। विदेशी पर्यटकों की साफा बांधो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिनाओ, दूसरे स्थान पर बेल्जियम के इस्कनेट, तीसरे स्थान पर जर्मनी के विको रहे।

स्थानीय पुरूषों की प्रतियोगिता में जगदीश प्रसाद सैनी, द्वितीय स्थान पर सवाई माधोपुर के बहरूपिया बबलू और बीकानेर के किशोर कल्ला तीसरे स्थान पर रहे। स्थानीय लोगों की मूंछ प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में कोटा के धन्नालाल गुर्जर प्रथम, बीकानेर के कंवरलाल चौहान द्वितीय तथा बीकानेर के किशोरलाल कल्ला तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की पणिहारी दौड़ हुई। इसमें महिलाओं ने सिर पर मटकी रखकर दौड़ लगाई। इस प्रतिस्पर्धा ने हर किसी को रोमांचित कर दिया। पणिहारी दौड़ प्रतियोगिता में लक्ष्मी मीणा पहले स्थान पर रही। अल्फीना खानम तथा सीमा हरपाल सिंह तीसरे स्थान पर रही।

महोत्सव की प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में विदेशी सैलानियों एवं स्थानीय नागरिकों के बीच रस्सा कसी प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता विदेशी सैलानियों ने 2-0 से जीत ली। इस अवसर पर विकास पांड्या उपनिदेशक पर्यटन विभाग कोटा, सीएमएचओ ओपी सामर, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर, जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह, ओमप्रकाश कुक्की, पुरुषोत्तम लाल पारीक, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नीता डांगी व पुरुषोत्तम शर्मा ने किया।



मेरा मनना है कि कि यहां सोने की खदान है लेकिन फिलहाल इसकी पूरी तरह से खोज, दोहन और प्रोत्साहन नहीं हुआ है।
- आर्सेन वेंगर

फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख, एआईएफएफ के मुख्यालय फुटबॉल हाउस का दौरा करते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी
### रक्षित दवे



चेन्नई के 15 वर्षीय रक्षिथ श्रीहरी दवे प्रतिष्ठित आईडेमित्सु एशिया टैलेंट कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह घोषणा की। रक्षिथ दवे ने एशिया-ओशिनिया के विभिन्न देशों के 10 अन्य राइडरों के साथ एशिया टैलेंट कप 2024 में अपनी जगह बनाई है। प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताईपे, भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन्स, थाईलैण्ड और वियतनाम के 20 फुल टाईम राइडर हिस्सा लेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपने टेस्ट जीवनकी पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाये।

## दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत के तीन कप्तान
# टी-20 की सूर्यकुमार यादव, वनडे की केएल राहुल और टेस्ट टीम की रोहित शर्मा कमान संभालेंगे

नई दिल्ली, 30 नवंबर। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। हर फॉर्मेट में अलग कप्तान टीम की कमान संभालेगा। टी-20 में सूर्यकुमार यादव, वनडे में केएल राहुल और टेस्ट में रोहित शर्मा कप्तानी करेंगे।

माना जा रहा था कि रोहित शर्मा को टी-20 टीम की कप्तानी भी दी जाएगी। हालांकि, रोहित ने टी-20 और वनडे दोनों टीमों से खुद को अलग रखा है। विराट कोहली भी इन दोनों सीरीज में नहीं खेलेंगे। 10 दिसंबर से शुरू होने जा रहे इस दौरे पर टीम इंडिया को 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस दौरे के लिए टीम 6 दिसंबर को रवाना होगी। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को दौरे की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है। उन्होंने खुद इन दो सीरीज से ब्रेक मांगा था।







**टी-20 टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और दीपक चाहर।

**वनडे टीम:** केएल राहुल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर।

**टेस्ट टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान) और प्रसिद्ध कृष्णा।

## भारत का चौथे टी-20 में सीरीज जीतने पर होगा जोर

रायपुर, 30 नवंबर। भारतीय टीम कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में शुक्रवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में भारत दो मैचों में जीत और एक हार के बाद सीरीज में 2-1 से आगे है। भारतीय टीम कल होने वाले मुकाबले में ओडिशा में खेले गये पिछले मैच में अपने दम पर 48 गेंदों में 104 की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने वाले ग्लेन मैक्सवेल की गैरमौजूदगी का फायदा उठाने का प्रयास करेगी। अनुभवी कप्तान मैथ्यू वेड ने भी पिछले मैच में बहुत उपयोगी पारी खेली थी। स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा भी आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के व्यस्त अभियान के बाद स्वदेश लौट गये है। हालाँकि मैच जीतने के लिए भारत के गेंदबाजों को टिम डेविड, जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट जैसे विध्वंसक बल्लेबाजों की नई जोड़ी को समेटते हुए सीमित ओवरों के प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रेयस अय्यर की वापसी से भारत की बल्लेबाजी में कुछ बल मिलेगा। अब तक खेले गए तीन मैचों में शीर्ष क्रम ने पूरी ताकत झोंक दी है। एकमात्र अपवाद तिलक वर्मा थे जिन्होंने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। कल के मुकाबले में यशस्वी जयसवाल, रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, कप्तान सूर्या और रिंकू सिंह के प्रदर्शन पर भारतीय टीम की जीत निर्भर करेगी। दीपक चाहर का शामिल होने से टीम गेंदबाजी विभाग में मजबूत होगा, क्योंकि वे नई गेंद के उपयोगी गेंदबाज हैं और मुकेश कुमार की शादी समारोह में भाग लेने के बाद उनकी दोबारा वापसी से डेथ बॉलिंग की संभावनाएं बढ़ेंगी। जीत सुनश्चित करने के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और अवेश खान लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## शान मसूद को पीसीबी ने बी श्रेणी में किया अपग्रेड

कराची, 30 नवंबर। नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शान मसूद को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रेणी डी से अपग्रेड करके बी में दिया गया है। मसूद ने हाल ही में बाबर आजम की पाकिस्तान की टीम का कप्तान बनाया गया और वह 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान की टीम की अगुवाई करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फैसला बोर्ड की नीति के अनुरूप लिया गया है जिसके तहत अगर ए या बी श्रेणियों से नीचे के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया जाता है तो उनके अनुबंध को उनके कार्यकाल के लिए श्रेणी बी में अपग्रेड किया जाना चाहिए। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को हाल ही में पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है। उन्होंने 30 टेस्ट मैचों में 28.5 की औसत से 1597 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक भी शामिल हैं। जुलाई में श्रीलंका को सीरीज में 2-0 से हराकर पाकिस्तान वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में नंबर एक पर है। पहला टेस्ट 14 से 18 दिसंबर तक पर्थ में शुरू होगा उसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जायेगा और तीन से सात जनवरी के दौरान सिडनी में तीसरे टेस्ट के साथ श्रृंखला समाप्त होगी।

# पांच देशों के टूर्नामेंट में हरमनप्रीत होंगे भारतीय टीम के कप्तान

नई दिल्ली, 30 नवंबर। स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए गुरुवार को हरमनप्रीत के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है। टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला मेजबान स्पेन के अलावा जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। यह प्रतियोगिता 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। दौरे में सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान की भूमिका में होंगे।

गोलकीपिंग विभाग में नियमित रूप से शामिल पीआर श्रीजेश और कृष्ण बी पाठक के साथ सूरज कारकेरा की टीम में वापसी होगी। रक्षापंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अलावा जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस अपना रोल निभायेंगे वहीं मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और यशदीप सिवाच और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे युवा चेहरे हैं।

फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्थी सेल्वम, दिलप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह शामिल हैं। टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट हमें विभिन्न चीजों को आज़माने और समायोजित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है।

यह युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, अगले सात महीने हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हमें बहुत सारे मैच खेलने हैं और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम एक प्रक्रिया का पालन करें और चरण-दर-चरण आगे

## फीबा ने 3 गुणा 3 ओलंपिक क्वालीफायर के दो मेजबानों की घोषणा की

जिनेवा, 30 नवंबर। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन ने 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में 3गुणा 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए तीन ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में से दो के लिए मेजबान शहरों की घोषणा की। फीबा ने बुधवार को की घोषणा में कहा कि जापान का उत्सुनोमिया तीन से पांच मई 2024 को यूनिवर्सलिटी-संचालित ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (यूओक्यूटी) की और हंगरी का डेब्रेसेन 23 से 26 मई को ओक्यूटी की मेजबानी करेगा। 30 जुलाई से पांच अगस्त 2024 को पेरिस में ओलंपिक 3 गुणा 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग में आठ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। सर्बिया, अमेरिका और चीन की पुरुष टीमों के साथ-साथ चीन, अमेरिका और फ्रांस की महिला टीमों को एक नवंबर, 2023 तक उनकी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहले ही पेरिस ओलंपिक में 2024 में जगह बना चुके है।

## पाकिस्तान ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 के लिए टीम की घोषणा की

इस्लामाबाद, 30 नवंबर। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अगले महीने मलेशिया में होने वाले जूनियर हॉकी विश्वकप के लिए पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम की घोषणा की है। पीएचएफ के मुख्य चयनकर्ता आसिफ बाजवा ने बुधवार को पांच से 16 दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इस अवसर पर बाजवा ने कहा कि हनान शाहिद कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि रोलेंट ओल्टामंस टीम के मुख्य कोच होंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमें इस प्रकार है:- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, कनाडा, चिली, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, भारत, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और स्पेन हैं। टीमों को चार समूहों में बांटा गया है जिसमें पाकिस्तान को बेल्जियम, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। पाकिस्तान सात दिसंबर को अपना पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

## केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ

कोच्चि, 30 नवंबर। केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग का एक रोमांचक मुकाबला 3-3 पर ड्रा रहा। बुधवार की रात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग के खेले गये मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी के रहीम अली ने मैच 54 सेकंड में आईएसएल इतिहास का छठा सबसे तेज गोल करके खेल की शुरुआत की।

## पंघाल, थापा और संजीत राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2023 के सेमीफाइनल में

शिलांग, 30 नवंबर। विश्व के पूर्व नंबर एक मुक्केबाज अमित पंघाल, अनुभवी शिव थापा और पूर्व एशियाई चैंपियन संजीत ने गुरुवार को पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंच गये है।

आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल ने 51 किग्रा वर्ग में क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मोहम्मद आरिफ को हराया। इस बीच 2021 एशियाई चैंपियन संजीत 92 किग्रा क्वार्टरफाइनल में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता नमन तंवर के हराया। सेमीफाइनल में संजीत का मुकाबला विक्की से होगा। एक अन्य मुकाबले में छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा ने शशांक प्रधान के खिलाफ 63.5 किग्रा क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दबदबा बनाने के लिए अपने अनुभव का प्रदर्शन किया। 29 वर्षीय शिव थापा ने 5-0 से शानदार जीत हासिल की और अंतिम चार में उनका मुकाबला हरिवंश तवारी से होगा। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर ने 92 प्लस किग्रा वर्ग में अपने अंतिम आठ मुकाबले में नवजोत सिंह को हराया। सागर ने मुकाबले की आक्रामक शुरुआत की और पहले राउंड में ही जोरदार मुक्कों की झड़ी लगा दी, जिसके बाद रेफरी को मुकाबला रोकना पड़ा। सेमीफाइनल में सागर का मुकाबला विशाल कुमार से होगा। इसके अलावा बरुण सिंह ने 48 किग्रा में, पवन ने 54 किग्रा में, सचिन ने 57 किग्रा में, आकाश ने 60 किग्रा में, वंशज ने 63.5 किग्रा में, रजत ने 67 किग्रा में, आकाश ने 71 किग्रा में, दीपक ने 75 किग्रा में, लक्ष्य ने 80 किग्रा में और जुगनू ने 86 किग्रा में अंतिम चार में जगह बनाई। शिलांग मीट पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का सातवां संस्करण में 13 भार वर्गों में कुल 350 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।




## बेन स्टोक्स के घुटने की सर्जरी हुई
### आईपीएल 2024 में नहीं खेलेंगे

इग्लैंड, 30 नवंबर। इग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के घुटने की सर्जरी हो गई है। स्टोक्स ने बुधवार, 29 नवंबर को सोशल मीडिया पर अपनी एक फोटो पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। पोस्ट में उन्होंने बताया है कि उनकी सर्जरी हो गई है और अब उनका रिहैब शुरू होगा। फोटो में वो एक हॉस्पिटल के सामने बैसाखी के सहारे खड़े हैं। स्टोक्स को लंबे समय से घुटने की समस्या थी। इस वजह से वो आईपीएल 2023 के कई मैच भी नहीं खेल सके थे। उनके बाएं घुटने में क्रोनिक टेंडोनाइटिस की समस्या थी। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान को रिकवरी में 6 से 7 हफ्ते का समय लग सकता है। माना जा रहा है कि वह भारत दौरे तक फिट हो जाएंगे। इंग्लैंड का भारत दौरा 25 जनवरी 2024 से शुरू होगा।

## महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के पहले मैच में भारत ने कनाडा को 12-0 से धोया




सैंटियागो, 30 नवंबर। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली के सैंटियागो में शुरुआती मैच में बुधवार को कनाडा के खिलाफ 12-0 से शानदार जीत हासिल करके अपने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 अभियान की शानदार शुरुआत की।

भारत की ओर से अन्नू (4, 6, 39), दीपी मोनिका टोप्पो (21), मुमताज खान (26, 41, 54, 60), दीपिका सोरेंग (34, 50, 54), और नीलम (45) ने गोल दागे। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक रुख के साथ की और कनाडा पर लगातार दबाव बनाये रखा। अन्नू ने चौथे और छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिये दो शुरुआती गोल किए। दूसरे क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो ने 21वें और मुमताज खान 26वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किया। इस बीच कनाडा को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके।

अच्छी बढ़त के बावजूद भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और दीपिका सोरेंग (34) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दबदबा बनाए रखा, जिसके बाद अन्नू (39) ने अपनी हैट्रिक पूरी की। जबकि मुमताज खान (41) ने मैच का अपना दूसरा गोल किया। इसके अलावा, नीलम (45) ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपना शॉट मारकर अंतिम क्वार्टर के अंत तक भारत का स्कोर 8-0 कर दिया।

भारतीय टीम की गोल करने की भूख चौथे क्वार्टर में भी जारी रही, जिसके परिणामस्वरूप दीपिका सोरेंग (50, 54) और मुमताज खान (54, 60) ने गोल किए, जिससे न केवल दोनों खिलाड़ियों ने अपनी हैट्रिक पूरी की, बल्कि भारत की जीत 12-0 से सुनिश्चित हुई। भारत अपने दूसरे मैच में एक दिसंबर को जर्मनी से भिड़ेगा।

## युगांडा ने टी-20 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

दुबई, 30 नवंबर। युगांडा की क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया और इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बन गया है। युगांडा अपने छह मैचों में से पांच में जीत दर्ज करते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्षेत्र से इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गया है। यह विश्वकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मुकाबलों में तंजानिया को आठ विकेट से हराया था। युगांडा ने टेस्ट मैच खेलने वाले जिम्बाब्वे की टीम को टी-20 मैच में पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। नामीबिया और युगांडा के हाथों हार झेलने वाली जिम्बाब्वे टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से चूक गई। युगांडा के कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाबे के खिलाफ 48 रन पर नाबाद रहते हुए टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं गेंदबाज दिनेश नाकरानी ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। जिसने जिम्बाम्बे की टीम को सात विकेट के नुकसान पर 136 रन पर रोक दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा के रियाज़त अली शाह ने 42 और अल्पेश रमजानी 40 रन बनाये। उन्होंने एक बड़े क्रिकेट उलटफेर के साथ पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस बार टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अब तक क्वालिफाई करने वाली टीमें में वेस्टइंडीज, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बंगलादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया और युगांडा शामिल हैं।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा की

वेलिंगटन, 30 नवंबर। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने घरेलू मैदान पर होने श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला में तीन टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच सफेद गेंद से खेले जायेंगे और यह बंगलादेश में अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप से पहले अनुभव प्रदान करेगा। कप्तान सोफी डिवाइन एक बार फिर पूरी श्रृंखला में न्यूजीलैंड की टीम कप्तान होगी।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार केर हालांकि तीन दिसंबर को डुनेडिन में श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगी क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू डब्ल्यूबीबीएल प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगी। न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयर को उम्मीद है कि यह श्रृंखला 2024 टी-20 विश्वकप की शुरुआत से पहले उनकी टीम को अपने कौशल को निखारने का अच्छा मौका है।

सॉयर ने कहा, हम द्विपक्षीय श्रृंखला में हाल के अच्छे फॉर्म के आधार पर टीम चाहते हैं, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले वर्ष बंगलादेश में टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुए संयोजन विकसित करना जारी रखना है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय परिप्रेक्ष्य के साथ ही साथ अपने गेम प्लान को विकसित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि हम जितना संभव हो उतने विश्व चैम्पियनशिप अंक प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि उन्होंने हाल के दिनों में पाकिस्तान को खेलते देखा है और उनके स्पिन आक्रमण की गुणवत्ता से प्रभावित हुए हैं। सॉयर ने कहा, बंगलादेश के खिलाफ सीरीज खेलने के बाद पाकिस्तान मैच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, उनके पास एक मजबूत स्पिन आक्रमण और एक खतरनाक शीर्ष क्रम है जो उनके विकेट को बहुत महत्व देता है, जिससे उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है।

**न्यूजीलैंड टीम:** सोफी डिवाइन (कप्तान), केट एंडरसन, सुजी बेट्स, बर्नाडाइन बेजुइडेनहोट, एडेन कार्सन (केवल टी-20ई), इजी गेज (एकदिवसीय और पहला टी-20), मैडी ग्रीन, फ्रान जोनास, मेली केर, जेस केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू।

## रायपुर के मैदान पर पहली बार होगा टी-20 इंटरनेशनल मैच

रायपुर, 29 नवंबर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टी20 मैच 1 दिसंबर को रायपुर के मैदान पर खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले ही सीरीज में 2-1 से आगे है। भारत के लिए टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। चौथे मैच के लिए टीम इंडिया की स्क्वाड में श्रेयस अय्यर की वापसी होगी। उन्हें उपकप्तान की जिम्मेदारी भी दी जाएगी।

## नजमुल शांतो की शतक से बांग्लादेश को 205 रनों की बढ़त

सिलहट 29 नवंबर। बंगलादेश ने कप्तान नजमुल शान्तो के 104 रनों के नाबाद शतक और मुशफिकुर रहीम के नाबाद 43 रनों की बदौलत पहले टेस्ट के तीसरे दिन गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 205 रन की बना ली है।

आज यहां इससे पहले दिन की शुरुआत में न्यूजीलैंड ने 266 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन बंगलादेशी गेंदबाजों के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक टीक नहीं सके और टीम 317 रन पर ऑलआउट हो गयी। कप्तान साउदी 35 और जेमिसन 23 रन बना कर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों के बीच नौवें विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। अजाज पटेल एक रन पर नाबाद रहे। इसके बाद दूसरी पारी में भी बंगलादेश की सलामी जोडी सस्ते में पवेलियन लौट गयी। पहली पारी में शतक बनाने वाले महमदुल हसन आठ रन पर रनआउट हुए। जबकि जाकिर हसन 17 रन को पटेल ने पगबाधा किया।

बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने पारी संभाली और हक के साथ 90 रन की साझेदारी की। हक भी 40 रन बना कर रन आउट हुए। शांतों ने अपने टेस्ट करियर का पांचवां शतक बनाते हुए टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। न्यूजीलैंड की ओर से अजाज पटेल को एक विकेट मिला। शेष दो बल्लेबाज रन आउट हुए।

# ‘देश को विकसित की कतार में खड़ा करना है तो तीन शिफ्ट में काम करें कर्मचारी’

## इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर आलोचनाओं और चर्चाओं की बाढ़ सी आ गई है

- नारायण मूर्ति ने कहा कि, कई विकसित देशों के लोग कम से कम दो शिफ्ट में काम करते हैं हमें अगर उन्हें विकास में पीछे छोड़ना है तो हमारी सरकार को इस ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है, देश में तीन शिफ्ट में काम करने का नियम लागू किया जाना चाहिये।
- नारायण मूर्ति ने कहा कि, अगर भारत ने ऐसा किया तो यह बात तय है कि, हम बहुत जल्द जी.डी.पी. के मामले में चीन को पीछे छोड़ देंगे और पूरी दुनिया में हमारा वर्चस्व कायम हो जायेगा।

बैंगलुरु, 30 नवम्बर। इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने एक बार फिर अपने सुझाव से बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि सरकार को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की जरूरत है। इसके लिए उन्होंने एक के बजाय तीन कामकाजी शिफ्टों की जरूरत पर जोर दिया। मूर्ति की ये टिप्पणी तब आई जब वह अगले 5-10 वर्षों में बेंगलुरु के विकास की आवश्यकता पर चर्चा कर रहे थे।

29 नवंबर को आयोजित बेंगलुरु टेक समिट में जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ एक बातचीत के दौरान मूर्ति ने कहा, "इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी मेट्रो को पूरा करना और उन अन्य क्षेत्रों में विस्तार करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जहां बहुत सारी कंपनियां स्थित हैं।" इस दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचा उद्योग (इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्री) से पारंपरिक एक-शिफ्ट से आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "इंफ्रास्ट्रक्चर वर्कर्स को सुबह 11 बजे आकर और शाम 5 बजे जाकर, सिर्फ एक शिफ्ट में काम नहीं करना चाहिए।"

रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी आकांक्षाओं वाले देशों में लोग अक्सर दो वर्क शिफ्टों में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत भी इसी तरह का रुख अपनाए तो वह चीन की वृद्धि दर को पार कर सकता है। उन्होंने कहा, "देश में अन्य जगहों पर उच्च आकांक्षाओं वाले लोग काम करते हैं। मैंने दो शिफ्ट देखी हैं क्योंकि मैं आधी रात के आसपास लौटता था। और मैंने लोगों को ऐसे काम करते देखा है जैसे मानो वे कल सुबह गायब हो जायेंगे। इसलिए, मैं वहां तीन शिफ्टों की गारंटी तो नहीं दे सकता, लेकिन मैं दो शिफ्टों की गारंटी दे सकता हूं।"

नारायण मूर्ति ने कहा, "अब अगर हम उन सभी देशों से बेहतर बनना चाहते हैं, तो हम यह क्यों नहीं कहते कि हमारे लोग तीन शिफ्ट में काम करेंगे? उनसे पूछें कि तीन शिफ्ट में काम करके अपना काम पूरा करने के लिए उनकी क्या आवश्यकताएं हैं, और उन्हें वे चीजें प्रदान करें। मुझे लगता है कि इनमें से कुछ चीजें हैं जो हमारे नेताओं द्वारा की जा सकती हैं। और अगर हमने ऐसा किया, तो मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत अकेले विकास में ही नहीं, बल्कि चीन से भी तेजी से बढ़ सकता है। हमारा आधार ही है 3.5 ट्रिलियन, जबकि चीन का 19 ट्रिलियन है। लेकिन हम चीन से आगे निकल जायेंगे। मुझे उम्मीद है कि एक दिन हम चीन से आगे निकल जायेंगे। लेकिन इसके लिए त्वरित निर्णय लेने की आवश्यकता है।"मूर्ति ने बातचीत के दौरान तीन चीजें बताईं कीं, जिनमें शहर के सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री के लिए प्रतिभाशाली लोगों के वास्ते अंग्रेजी माध्यम के स्कूल, बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करना और सरकार द्वारा त्वरित निर्णय लेना शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के कुल सॉफ्टवेयर निर्यात में बेंगलुरु का योगदान लगभग 35-37 है। उन्होंने कहा, "तो इसका मतलब यह है कि अगर आप भारत से कुल 200 बिलियन डॉलर के निर्यात को देखें तो आप सिर्फ बेंगलुरु से लगभग 75 बिलियन डॉलर की उम्मीद कर रहे हैं।"

## देश में अब तक दस हजार जन औषधि केन्द्र खुले

- प्रधानमंत्री मोदी ने देवघर में 10,000वें जन औषधि केंद्र जनता को समर्पित किया।

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से जन औषधि केंद्रों का अधिकतम उपयोग करने का आग्रह करते गुरुवार को दस हजारवें जन औषधि केंद्र का देवघर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उद्घाटन किया। मोदी ने इस जन औषधि केंद्र की ऑनलाइन शुरुआत करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के लिए जन औषधि केंद्र एक मील के पत्थर साबित हुए हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया मौके पर उपस्थित रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के माध्यम से जनता को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए एम्स, देवघर में 10,000वें जन औषधि केंद्र जनता को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं, जहां उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं बाजार दरों की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत सस्ती दरों पर बेची जा रही हैं।

# तेलंगाना में पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार बहुत कम वोटिंग हुई

## शाम पांच बजे तक 63.94 फीसदी ही वोटिंग हुई जबकि सन् 2018 में 73 फीसदी मतदान हुआ था

- राज्य में कुल 119 निर्वाचन क्षेत्रों में से 13 नक्सलवाद प्रभावित सीटों पर मतदान एक घंटा पहले (चार बजे) ही समाप्त हो गया था।
- अंतिम मतदान प्रतिशत आने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी लेकिन यह बात तय मानी जा रही है कि, अगर अंतिम आंकड़ों में पांच प्रतिशत और बढ़ोतरी हो जाती है तो भी कुल मतदान प्रतिशत 69 प्रतिशत के करीब ही पहुँच पायेगा।

हैदराबाद, 30 नवंबर (वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में गुरुवार को कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा और राज्य के करीब 64 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

एक चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान के समापन के निर्धारित समय शाम पांच बजे तक कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं में से 63.94 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार को इस्तेमाल करने मतदान केंद्र पर पहुंचे। राज्य में कुल 119 निर्वाचन क्षेत्रों में से हालांकि 13 नक्सलवाद प्रभावित सीटों पर मतदान एक घंटा पहले (चार बजे) समाप्त हो गया था।

चुनाव अधिकारी ने मतदान के अंतिम आंकड़े बढ़ने की संभावना जतायी है। गौरतलब है कि 2018 में राज्य विधानसभा चुनाव में 73 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत पिछले विधानसभा चुनाव के तुलना में कम हुआ है। अंतिम मतदान प्रतिशत आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने कहा, विभिन्न स्थानों पर एक या दो छोटी-मोटी झड़पों को छोड़कर मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा।

सीईओ राज ने बताया कि दो जगहों पर तकनीकी खराबी के कारण ईवीएम बदली गयीं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एमएलसी के. कविता और अन्य राजनीतिक नेताओं के खिलाफ शिकायतें मिलीं, जिन्हें संबंधित जिला चुनाव अधिकारियों को उनकी रिपोर्ट मांगने के लिये भेजा गया था।

उन्होंने कहा, हमें सुश्री कविता के खिलाफ एक शिकायत मिली है, जिसमें कहा गया है कि उन्होंने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

# ज्ञानवापी मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष की आपत्ति याचिका खारिज

- वाराणसी की जिला अदालत ने आर्कियॉलजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, विभाग को अपनी जांच पूरी करने के लिए 10 दिन की और मोहलत दी।

वाराणसी, 30 नवम्बर। ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को दस दिन का और समय मिल गया है। बार-बार समय मांगने पर मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया ने आपत्ति भी जताई और एएसआई की मांग खारिज करने की अपील की। लेकिन जिलाल जज डॉक्टर अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने मुस्लिम पक्ष की अपील खारिज कर दी है। एएसआई को दस दिन का समय देने के साथ ही हिदायत भी दी और कहा कि अब एएसआई कोर्ट से कोई समय नहीं मांगेगा। अब अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी। एएसआई ने सर्वे रिपोर्ट जमान करने के लिए अदालत से तीन सप्ताह का समय मांगा था। एएसआई की अर्जी पर बुधवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने तब आदेश सुरक्षित रख लिया था।

दिल्ली की राखी सिंह सहित पांच महिलाओं की ओर से शृंगार गौरी सहित अन्य विग्रहों के पूजा अधिकार की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई के तहत जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वे का आदेश दिया था। जिला जज की अदालत ने एएसआई को सर्वे कर सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट जमा करने का आदेश एएसआई को दिया है। पहले यह रिपोर्ट अक्टूबर में ही जमा करनी थी। लेकिन बारिश और अन्य कारणों का हवाला देते हुए एएसआई लगातार रिपोर्ट जमा करने के लिए समय मांगता रहा।

मंगलवार को भी एएसआई की ओर से अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। उनके अनुसार जीपीआर तकनीक से हुई जांच की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हुई है, इसलिए सर्वे रिपोर्ट देने के लिए समयावधि बढ़ाई जाए।

पिछली सुनवाई में सर्वे रिपोर्ट सौंपने के पहले एएसआई के अधिवक्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि सर्वे की आधे से अधिक रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, पूरी रिपोर्ट तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए उसे पेश करने के लिए समय दिया जाए। तब कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया। इसके बाद एएसआई के तरफ से फिर मोहलत मांगी गई। इस पर बुधवार को सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष की ओर से एएसआई के समय मांगने का विरोध किया गया।

इस पर जिला जज डा अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद कहा कि अंजुमन ने इस आवेदन को निरस्त करने की मांग की थी। कहा था बार-बार समय की मांग ख़ारिज की जानी चाहिए।

## सुरंग से निकले 40 श्रमिकों को एम्स से छुट्टी मिली

- 41 में से 40 श्रमिकों को एम्स प्रशासन ने क्लीयरेंस देकर डिस्चार्ज कर दिया है। जबकि एक श्रमिक की स्वास्थ्य जांच जारी है।

नैनीताल, 30 नवम्बर। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल से निकाले गए श्रमिकों की एम्स में सघन स्वास्थ्य जांच कर ली गई है। 41 में से 40 श्रमिकों को एम्स प्रशासन ने क्लीयरेंस देकर डिस्चार्ज कर दिया है। जबकि एक श्रमिक की स्वास्थ्य जांच जारी है।

बृहस्पतिवार को एम्स ऋषिकेश के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आरबी कालिया, जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. रविकांत व अस्पताल प्रशासन से डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए सभी 41 श्रमिकों को बीते बुधवार को एम्स में भर्ती किया गया था। प्रारंभिक जांच में किसी भी श्रमिक में चोट आदि जैसी कोई शिकायत नहीं पाई गई।

# अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए समिति बनाई भारत ने, रिपोर्ट के आधार ही होगी कार्रवाई

## अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के कथित प्रयास को लेकर अमेरिका के आरोपों पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने यह बयान जारी किया

- भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि, अमेरिका की अदालत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है तथा इस मामले को कथित तौर पर एक भारतीय अधिकारी से भी जोड़ा गया है, यह चिंता का विषय है। भारत ने अमेरिका से इस बारे में स्पष्ट कहा है कि, यह दोनों देशों की सरकारी नीति के एक दम खिलाफ है।

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता)। भारत ने अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के कथित प्रयास को लेकर अमेरिका के बयानों को लेकर आज फिर कहा कि उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के बारे में विशेष ब्रीफिंग में अमेरिका एवं पन्नू को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूकधारियों, आतंकवादियों और अन्य चरमपंथियों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं।

उन्होंने कहा, हम ऐसे इनपुट को बहुत गंभीरता से लेते हैं और मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं को देखने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। जांच समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक समुचित कार्रवाई की जाएगी।

बागची ने कहा कि जहां तक अमेरिकी अदालत में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें कथित तौर पर उसे एक भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है, यह चिंता का विषय है।

हमने कहा है कि यह सरकारी नीति के भी विपरीत है। संगठित अपराध, तस्करी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चरमपंथियों के बीच हथियारों की खरीद फरोख्त कानून प्रवर्तन एजेंसियों और संस्थाओं को विचार करने के लिए एक गंभीर मुद्दा है। यही कारण है कि एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है और हम इसके परिणामों के आधार पर कदम उठाएंगे। समिति के गठन, भारतीय अधिकारी की पहचान आदि मामलों पर पूछे गये सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके अलावा जो भी बातें हैं, उन्हें सुरक्षा कारणों से सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है।

कनैडा के बारे में एक प्रश्न के जवाब में प्रवक्ता ने कहा, जहां तक कनाडा का सवाल है, हमने कहा है कि उन्होंने लगातार भारत विरोधी उग्रवादियों को जगह दी है और वास्तव में यही मुद्दे का मूल है। इसका खामियाजा कनाडा में हमारे राजनयिक प्रतिनिधियों को भुगतना पड़ा है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि कनैडा सरकार राजनयिक संबंधों पर वियना संधि के तहत अपने दायित्वों को पूरा करेगी।

## क्यों होता है एग्ज़िट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को आ रहे हैं, के एग्ज़िट पोल्स के आंकड़े भ्रमित करने वाले हैं। इस बार अन्य को 5 से लेकर 21 तक सीटें दी जा रही है। इस बार भी यह अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि अन्य आखिरकार कितनी संख्या पर आकर ठहरेंगे। दरअसल इस बार राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के अलावा आरएलपी और आज़ाद समाज पार्टी का गठबंधन करीब एक दर्जन सीटों पर बड़ा मजबूत नजर आ रहा है। तीन सीटों पर कम्युनिस्ट पार्टियों मजबूत दिख रही है। करीब सात सीटों पर बसपा की मजबूत उपस्थिति दिख रही है। भारत ट्राइबल पार्टी और भारतीय आदिवासी पार्टी दोनों वागड़ की 6 सीटों पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराती दिख रही हैं और करीब 9 से 10 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी प्रमुख दलों के साथ मुकाबले में बने हुए हैं। अब इनमें से यदि आधे भी जीतकर आते हैं, तो एग्ज़िट पोल और परिणाम का आंकड़ा बिल्कुल पलट जाएगा।

वैसे भी राजस्थान में सिर्फ हर जिले की ही स्थिति अलग नहीं होती, बल्कि हरेक जिले की हरेक सीट का समीकरण भी जातिगत हिसाब से अलग-अलग होता है। यही कारण है कि राजस्थान परिणाम का पहले से आकलन किया जाना बहुत आसान काम नहीं है। इसलिए अभी जो एग्ज़िट पोल आ रहे हैं, उनके कारण दो दिन तक तो चर्चाओं का बाजार गर्म रहेगा।

## एग्ज़िट पोल:...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थी, पर कांग्रेस की सरकार गिर गई थी, में इस बार कांग्रेस की स्थिति जटिल है। तीन में से एक एग्ज़िट पोल ही कांग्रेस को बढ़त दे रहा है। बाकी सब भाजपा की बढ़त दिखा रहे हैं।

भाजपा के लिए जन की बात ने 100-123 सीटें, रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़ ने 118-130 सीटें, टीवी 9 भारत वर्ष -पोल स्ट्रेट ने 106 से 116 सीटें दी है सिर्फ दैनिक भास्कर ने ही कांग्रेस को 118 से 130 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। इसने भाजपा को 95 से 105 सीटें दी है।

# दूसरी तिमाही में देश की जी.डी.पी. 7.6 प्रतिशत रही

## पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश की जी.डी.पी. 6.2 प्रतिशत रही थी

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता)। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण, खान एवं खनन, निर्माण जैसे क्षेत्रों में रही तेजी के बल पर देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.6 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.2 प्रतिशत रही थी।

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार वास्तविक जीडीपी या जीडीपी 2023-24 की दूसरी तिमाही में 41.74 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 38.78 लाख करोड़ रुपये था जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वर्तमान कीमतों पर जीडीपी या सकल घरेलू उत्पाद 71.66 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 65.67 लाख करोड़ रुपये था, जो कि 2022-23 की दूसरी तिमाही की 17.2 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर की पहली छमाही में जीडीपी 82.11 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 76.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण गतिविधियों में 13.9 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह शून्य से 3.8 प्रतिशत नीचे रहा था। इसी तरह से खान एवं खनन गतिविधियों में भी 10 प्रतिशत की दूसरी तिमाही में तेजी रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह भी 0.1 प्रतिशत रिणात्मक रहा था। निर्माण गतिविधियों में भी इस वर्ष दूसरी तिमाही में 13.3 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि में यह 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य यूटिलिटि सेवाओं में भी जुलाई सितंबर तिमाही में 10.1 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र प्रदर्शन निराशाजनक रहा है क्योंकि इस तिमाही में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह दर 2.5 प्रतिशत रही थी।

## कोटा में एक और ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निशा यादव ने देर रात को गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। निशा यादव का शव महावीर नगर प्रथम स्थित श्याम गर्ल्स हॉस्टल में फंदे पर लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार मां को भयानक सपना आया, घबराहट होने पर मां ने जब बेटी को फोन लगाया तो उसने फोन नहीं उठाया जिस पर पिता ने हॉस्टल संचालक को फोन किया। इसके बाद होटल संचालक मौके पर पहुंचा इसके बाद परिजनों को बेटी के आत्महत्या की जानकारी मिली। सूचना मिलने ही परिजन यूपी से कोटा पहुंचे बेटी के शव देखकर मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक छात्रा के पिता अवशान सिंह यादव ने बताया कि, दीपावली के बाद 18 नवंबर को वह निशा को लेकर कोटा आए थे जहां चार दिन कोटा रुकने के बाद 21 नवम्बर को वह अपने गांव लौट गए।

मृतक छात्रा के पिता का कहना है कि बच्ची पढ़ ाई को लेकर कोई तनाव में नहीं थी पर उसे थोड़ी सी माइग्रेन की समस्या थी पहले ऑनलाइन में अच्छे नंबर आने पर उसने जिद करके कोटा में एडमिशन करवाया था। डॉक्टर बनने सपना था। किस कारण से उसने यह कदम उठाया इसके बारे में भी पता नहीं। निशा से बात करने के लिए रात को फोन लगाया तो उसने फोन नहीं उठाया लगातार दो-तीन बार कॉल करने के बाद हॉस्टल के मैनेजर व हॉस्टल संचालक को फोन कर निशा के कमरे में जाकर देखने के लिए कहा जब कमरे में पहुंचे तो निशा के फंदे पर लटके होने की जानकारी मिली। जवाहर नगर थाने के एएसआई कुंदन कुमार ने बताया कि, निशा उत्तर प्रदेश की रहने वाली है जो कोटा में हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी जिसने देर रात्रि को हॉस्टल के कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया फिलहाल सुसाइड के कारण का पता नहीं लग पाया है। मृतका के परिजनों के कोटा पहुंचे पर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

पिछले 24 घंटे में कोटा में दो सुसाइड के मामले सामने आने के बाद प्रशासन में हड़कम्प मचा हुआ है। छात्रा द्वारा आत्महत्या की घटना सामने आने के बाद जिला कलेक्टर एम.पी. मीणा ने कोचिंग संचालकों, होस्टल संचालकों व अधिकारियों की बैठक बुलाई। मामले में सामने आया कि हॉस्टल के कमरे में एंटी हैंगिंग डिवाइस नहीं था जबकि ऐसा निर्देश है कि हॉस्टल के कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस होनी चाहिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशों की पालना नहीं करने पर पूर्व में एक हॉस्टल के संचालक को नोटिस दे दिया गया है।

# तेलंगाना में सत्ता परिवर्तन, कांग्रेस को 65 और...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अन्य सर्वेक्षणों में कांग्रेस को सहज रूप से आगे बताया गया है। उदाहरण के तौर पर कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए 62 से 72 सीटों की भविष्यवाणी करने वाले “पीपल्स पल्स” ने तेलंगाना में कांग्रेस को आगे बताया है, जबकि एक अन्य सफलतम चुनाव सर्वेक्षण कम्पनी “चाणक्य” का अनुमान है कि कांग्रेस को 67 से 78 सीटें मिलेंगी। एक अन्य सर्वेक्षण कांग्रेस को 72 सीटें दे रहा है। पोलिंग एजेंसी सी.पी.ए.सी. ने बी.आर.एस. को सिर्फ 41 सीटें दीं और कांग्रेस को 65 सीटों के साथ उससे काफी आगे बताया।

यह उन विभिन्न पोलिंग एजेंसियों के अनुमान है जिन्होंने मतदान बूथों पर वोट देकर बाहर आये लोगों से बातचीत की थी।

लेकिन एग्ज़िट पोल के अनुसार तेलंगाना में कांग्रेस की नई सरकार बनेगी।

गुरुवार सायं, जैसे ही वोटिंग प्रक्रिया पूर्ण हुई कांग्रेस खेमा उत्साहित हो गया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस प्रमुख रेवन्त रेड्डी ने पार्टी के कई नेताओं के साथ एक भीड़ भरी प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। संकेत हैं कि रेड्डी राज्य के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैं। रेवन्त रेड्डी पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि 9 दिसम्बर, पानी यानी कि सोनिया गांधी के जन्मदिन पर शपथ ली जाएगी। वास्तव में वह सतर्क एवं राजनीतिक समझबूझ वाले हैं, तभी तो उनका यह कहना है कि मुख्यमंत्री पद संभालने वाले के बारे में कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व पार्टी के निर्वाति विधायकों से सलाह-मशविरा करने के बाद ही कोई निर्णय लेगा।

वह स्वयं के लिए कहते हैं कि तेलंगाना में पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनकर वह पहले ही एक बड़ा पद प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भी वह स्पष्ट रूप से आगे हैं।

जरा गौर कीजिए कि उन्होंने पिछले ढाई साल में पार्टी के लिए क्या किया। वर्ष 2018 में हुए तेलंगाना विधानसभा के पिछले चुनाव में कांग्रेस कुल 119 सीटों में से 19 ही जीत सकी थी, लेकिन पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद रेवन्त रेड्डी ने तेलंगाना में कांग्रेस को नए सिरे से खड़ा करना शुरु किया। उन्होंने कई नेताओं की घर वापसी करवायी, कई असंतुष्ट नेताओं के अलावा उन्होंने बी.आर.एस., भाजपा व अन्य पार्टियों के मजबूत नेताओं को कांग्रेस के साथ जोड़कर यहां अपनी पार्टी को सशक्त कर दिया।

वास्तव में राष्ट्रीय या क्षेत्रीय मीडिया तक में ना तो अधिक देखा अथवा महसूस किया जा रहा था और जब भाजपा तेलंगाना में सबसे तेजी से उभरती हुई पार्टी के रूप में सामने आई और उसने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में यहां से चार सांसदों को जिताकर और ग्रेटर हैदराबाद के जी.एस.एम.सी. महानगर पालिका चुनावों में द्वितीय स्थान पर रहकर अपना दमखम दिखाया था तब लोग कांग्रेस की हंसी उड़ाया करते थे।

अत: रेवन्त रेड्डी की उपलब्धि यह है कि उन्होंने राज्य में कड़ी मेहनत कर भाजपा को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। वास्तव में, स्वयं रेड्डी और कांग्रेस पार्टी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से एक विलक्षण बढ़त मिली। इससे पार्टी का डर एक बार फिर उत्साहित हो गया।

राज्य में रेवन्त रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने शनैः शनैः किन्तु निश्चित रूप से उस जनता में गहरी जड़ें जमाना शुरु किया जो सत्तारूढ़ बी.आर.एस. और मुख्यमंत्री के.सी.आर. के कथित भ्रष्टाचार और कुशासन से पीड़ित होकर बदलाव चाह रही थी। कांग्रेस ने अपना सबसे अच्छा चुनाव प्रचार अभियान चलाकर सटीक प्रहार किए और जनता का विश्वास जीता। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहा पिछड़ों, एस.सी., एस.टी. दलितों, मुस्लिमों और ईसाईयों का कांग्रेस में लौटना। उनमें से अधिकांश बी.आर.एस. के साथ थे। कांग्रेस यह उपलब्धि हासिल करने में समर्थ रही है या नहीं, इसका पता मतगणना वाले दिन, 3 दिसम्बर को चल जाएगा। अब यह देखना है कि एग्ज़िट पोल के परिणाम क्या वास्तविक चुनाव परिणामों क रूप में सामने आते हैं?

इस बीच, बी.आर.एस. नेता एवं मंत्री के.टी. रामाराव ने एग्ज़िट पोल्स को “बकवास एवं हास्यापद” बताते हुए खारिज़ कर दिया, लेकिन इसके साथ ही उनकी यह शिकायत भी थी कि सायं 5:30 बजे ही एग्ज़िट पोल्स की अनुमकित क्यों दे दी गई। लेकिन चूंकि वह अपने पार्टी का डर ओर कार्यकर्ताओं को निराश नहीं करना चाहते, खासतौर पर सार्वजनिक रूप से तो नहीं, इसलिए उन्होंने घोषणा की कि बी.आर.एस. रविवार को वापसी करेगी और फिर से अपनी सरकार बनाएगी।

दूसरी ओर रेवन्त रेड्डी ने कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता तथा कांग्रेस का समर्थन करने और राज्य में जड़ें जमाएं बैठी बुराई को दूर करने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आंध्र प्रदेश से अलग कर तेलंगाना राज्य का गठन करने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद अदा किया और वादा किया कि वह एक ऐसा तेलंगाना बनाएंगे जिसके लिए जनता ने संघर्ष किया था और कुर्बानियां दी थीं।

कांग्रेस को यदि तेलंगाना में बहुमत हासिल नहीं भी होता है तब भी एग्ज़िट पोल के आंकड़ें कांग्रेस के कायापलट की कहानी बताते हैं। वह नई विधानसभा में सर्वाधिक विधायकों वाली या दूसरे नम्बर की पार्टी के रूप में उभरेगी, जो कि राजनीतिक पण्डितों के लिए एक “केस स्ट्डी” के समान होगा। कांग्रेस ने राज्य की जनता से वादा किया है कि वह भ्रष्टाचार के आरोपों की गहन जांच करवाएगी तथा के.सी.आर. और उनके परिवार को बच कर नहीं भागने देंगी।

## हमास ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा। कतर के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय मानवीय संघर्ष विराम, दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। इजरायल ने विस्तार पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन मंगलवार की शुरुआत में कहा कि अगर अधिक इजरायली बंधकों को रिहा किया जाता है तो उसने 50 और महिला फ़िलिस्तीनी कैदियों की रिहाई को मंजूरी दे दी है। इज़राइल पर 7 अक्टूबर को अचानक किए गये हमले के दौरान हमास आतंकवादियों द्वारा 200 से अधिक बंधकों को गाजा ले जाया गया था, जिसने जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में घातक हवाई हमले और जमीनी हमले शुरू किये।

## सोमवार से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किया गया एक महत्वपूर्ण विधेयक भी संसदीय बहस की प्रतीक्षा में है। एक अन्य विधेयक भी प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें जे. एण्ड के. और पुडुच्चेरी में महिलाओं का कोटा बढ़ाने की बात है।

एक प्रस्तावित विधेयक है, भारतीय न्याय संहिता 2023 है, जिसे लोकसभा के पिछल सत्र में प्रस्तुत किया गया था। यह विधेयक निवर्तमान इण्डियन पीनल कोड 1860 का स्थान लेगा, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का उद्देश्य कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीज़र 1973 का स्थान लेना है।

'राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908